वर्ष 17 अंक 198
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, रविवार
27 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20






03 दिल्ली: 'आप' ने लगाया प्रदूषण के आंकड़ों में हेरफेर करने.. | 06 एक पुलिस अफ़सर का स्थानांतरण: डॉ. सुरेश गर्ग | 11 आईपीएल में अब 300 रन भी संभव: रिंकू सिंह













# सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी सुनिश्चित कर रही : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों में इजाफा हो।

केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 51,000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोजगार मेले के 15वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। उन्होंने डिजिटल माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मोदी ने कहा कि ऑटोमोबाइल और फुटवियर उद्योगों में उत्पादन व निर्यात ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए हैं।

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा किए गए बदलाव का हवाला देते हुए कहा कि अंतर्देशीय जलमार्ग के माध्यम से माल प्रबंधन की मात्रा 2014 में 1.8 करोड़ टन थी, जो



बढ़कर 14.5 करोड़ टन हो गई है, जबकि राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या पांच से बढ़कर 110 हो गई है और उनकी लंबाई 2,700 किलोमीटर से बढ़कर 5,000 किलोमीटर से अधिक हो गई है।मोदी ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह रही है कि विकास समावेशी रहा है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

मोदी ने कहा कि इस साल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शीर्ष पांच में से तीन 'टॉपर' महिलाएं हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं।

मोदी ने कहा कि इस दशक में युवाओं ने प्रौद्योगिकी, डेटा और नवाचार के क्षेत्र में भारत के उत्थान को गति दी है। उन्होंने कहा कि देश 'रियल टाइम' डिजिटल लेनदेन में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान देते हैं, तो देश का तेजी से विकास होता है और वैश्विक मंच पर देश की एक अलग पहचान बनती है।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें।

'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक खुला मंच प्रदान कर रही हैं।

मोदी ने कहा कि भारत के युवा अपनी लगन व नवाचार के जरिए दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी अपार संभावनाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई में आयोजित होने वाला विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) भी युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल दिखाने का एक बड़ा अवसर होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें कृत्रिम मेधा (एआई) और 'इमर्सिव मीडिया' को समझने का भी मौका मिलेगा तथा यह कार्यक्रम डिजिटल कंटेंट के क्षेत्र में एक नयी ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि मीडिया, गेमिंग और मनोरंजन के क्षेत्र में नवाचार करने वालों के लिए 'वेव्स' प्रतिभा दिखाने का एक अभूतपूर्व अवसर है।


प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने और देश के युवाओं को वैश्विक मानकों के उत्पाद बनाने का अवसर प्रदान करने के लक्ष्य के साथ 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' की घोषणा की है। मोदी ने कहा, ''मैन्युफैक्चरिंग मिशन न केवल देश भर में लाखों एमएसएमई और छोटे उद्यमियों की मदद करेगा, बल्कि देश भर में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा।''

# यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं: योगी

**लखनऊ/लखीमपुर** खीरी (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये पर्यटकों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चेतावनी दी कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं।

योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी के प्रवाह नियंत्रित करने के कार्य (चैनलाइजेशन) का निरीक्षण और पलिया में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान वितरण के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के प्रारंभ में पहलगाम में भारत के पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

योगी ने कहा, ''सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार का सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सभी की सुरक्षा पर आधारित है लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस) के



तहत उसे उसी की ही भाषा में जवाब दिया जाएगा।''

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए योगी ने कहा, ''यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं।'' योगी ने कहा, ''आज कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत मोदी जी के मार्गदर्शन में हमने उत्तर प्रदेश को माफिया, अराजकता और दंगों से मुक्त किया। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी व्यवस्था में लाकर खड़ा कर दिया।'' मुख्यमंत्री ने पलिया और निघासन क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिया कि उन्हें इस समस्या से मुक्ति दिलाई जाएगी।

योगी ने कहा कि पिछले वर्ष पलिया एवं निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब हमने कहा था कि इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। उनका कहना था कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को 'चैनलाइज' करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून आएगा तो पानी पलिया, निघासन या लखीमपुर खीरी की तरफ नहीं जाएगा, बल्कि सरयू जी में मिलकर आगे बढ़ जाएगा। योगी का कहना था कि यदि इसे 'चैनलाइज' कर दिया गया तो पानी बिखरेगा नहीं, अपने रास्ते से आगे बढ़ जाएगा, जिससे किसान भी सुरक्षित रहेगा और उसकी खेती, घर, फसल, पशुधन भी सुरक्षित रहेगा। बाढ़ से जन-धन की हानि नहीं होगी। राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो ये लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे और पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटियों, बहनों एवं व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है तथा छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान एवं क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करती हैं।




# पहलगाम में हिन्दुओं पर हमले के विरोध में रिठाला में कैंडल मार्च, आतंकवादियों को खुले में फांसी देने की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



नई दिल्ली। आज रिठाला में यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट द्वारा एक विशाल कैंडल मार्च, विरोध प्रदर्शन व आतंकवाद का पूतला दहन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पहलगाम में हिन्दुओं पर हुए नृशंस हत्या के विरोध में और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु किया गया। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद और पाकिस्तान प्रायोजित जिहादियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई तथा आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना माननीय श्री जय भगवान गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में सनातनियों पर किए गए हमले ने पूरी मानवता को झकझोर दिया है। आज पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि द रजिस्टेज फोर्स, लश्कर-ए-तैयबा, हमास, फिलिस्तीन सहित कई जिहादी आतंकी संगठन पाकिस्तान के इशारे पर भारत में फिर से आतंकवाद का भय फैलाना चाहते हैं। लेकिन भारतवासी अब पहले से अधिक सजग और संगठित हैं। देश इनके नापाक मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगा। श्री गोयल ने आरोप लगाते हुए कहा कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हमास जैसे आतंकवादी संगठन ही पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के असली कातिल हैं। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि पाकिस्तान आतंक रूपी कैंसर फैलाकर पूरी मानवता को डसने की कोशिश कर रहा है। अब इस आतंक के कैंसर को शक्ति और साहस से कुचलने का समय आ गया है। भारत को निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में कैंडल मार्च निकालकर शहीद हिन्दू भाइयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और संकल्प लिया गया कि आतंकवाद के समूल नाश तक संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर सर्वश्री ईश्वर चौधरी (राष्ट्रीय सचिव), श्याम सुंदर गोयल, प्रवीन गोयल, तरसेम गर्ग, शंकर लाल अग्रवाल, विनोद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अवध कुमार, रामचन्द्र, के.पी. मिश्रा, मंजू, शकुंतला, मनीष महाजन, अमन मेहता, जितेन्द्र सोबती, अनिल शर्मा, योगेन्द्र राणा तरसेम आदि उपस्थित थे।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन का पहलगांव में मारे गए निर्दोष भारतीयों की याद में कैंडल मार्च आज

## राष्ट्रीय पदाधिकारी यशपाल गुप्ता अनिल गुप्ता व विपिन गुप्ता ने की भारी संख्या में पहुंचने की अपील, जंतर मंतर में

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली देश की जानी मानी वैश्य अग्रवाल समाज की लोकप्रिय संस्था वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा पहलगाम कश्मीर में विगत दिवस हुए वीभत्स नरसंहार और वहां मारे गए 26 निर्दोष (२ विदेशी सहित)भारतीयों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि एवं सद्भावना व्यक्त करने हेतु आज जंतर मंतर में शाम 4:30 बजे से कैंडल मार्च के आयोजन की घोषणा की गई है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता व दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष अतुल अग्रवाल तथा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने यह जानकारी नेशनल एक्सप्रेस को दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल गुप्ता तथा कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अतुल अग्रवाल सभी दिल्ली वासियों से यह अपील की है कि सभी राष्ट्रवादी लोग इस कैंडल मार्च के अवसर पर इस वीभत्स कांड की निंदा करने एवं उनके प्रति संवेदना व सम्मान, श्रद्धांजलि व्यक्त करने की अपील करने वालों में संस्था की ओर से प्रमुख लोगों ने घटना की निंदा करते हुए राष्ट्रीय जन जागरण हेतु जंतर मंतर पहुंचने की अपील की है जिसमें प्रमुख रूप से यशपाल गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष), अनिल गुप्ता (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष) विपिन गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह) विजय गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) सतीश अग्रवाल (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) अतुल गुप्ता उअ ,(दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष) घनश्याम गुप्ता (राष्ट्रीय सचिव) शिशिर गुप्ता (समाजसेवी अंतरराष्ट्रीय संयोजक और सलाहकार) सुधीर कंसल (प्रदेश उपाध्यक्ष) सुशील जैन (दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष) नवीन जैन बिल्डर, (प्रदेश सचिव) विनोद जैन (प्रदेश सूचना सचिव) रश्मि गुप्ता( वरिष्ठ पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ) डॉ०सपना बंसल (राष्ट्रीय महिला पदाधिकारी) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वरुण जैन, वेंकटेश गुप्ता (राष्ट्रीय युवा महामंत्री) आनंद गुप्ता प्लेसमेंट कंपनी, (राष्ट्रीय युवा टीम पदाधिकारी) राष्ट्रीय सचिव आरके जैन, प्रमोद अग्रवाल ट्रांसपोर्टर (हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष) शाहिद खान पदाधिकारी व सदस्यों ने इस राष्ट्रीय संवेदनशील मुद्दे पर जंतर मंतर पहुंचने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड में प्रभावित व्यक्तियों को मिलेगी सहायता धनराशि - तहसीलदार लालगंज



रायबरेली - तहसीलदार लालगंज ध्रुव नारायण यादव ने बताया है कि 23 अप्रैल 2025 को ग्राम चकवापुर मजरे बेहटाकलां परगना सरेनी तहसील लालगंज जनपद रायबरेली में अज्ञात कारण से अग्निकाण्ड हुआ।इस अग्निकाण्ड में 14 व्यक्तियो के मकान प्रभावित हुये तथा 01 प्रभावित व्यक्ति के 08 पशुओ की पशुहानि हुई। उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में 23 से 25 अप्रैल 2025 तक लगातार वांछित अभिलेखों (आधार कार्ड, बैंक खाता व पोस्टमार्टम रिपोर्ट) उपलब्ध कराने हेतु सम्पर्क व प्रयास किया गया।प्रभावित व्यक्तियो के वांछित अभिलेख 26 अप्रैल 2025 को प्राप्त हुये, तत्क्रम में सहायता राशि से सम्बंधित बिल बनाकर भुगतान हेतु जिला मुख्यालय को भेज दिया गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित ग्रामोद्योगी इकाईयों को पुरस्कृत करेगा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

रायबरेलीः जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षो मे स्थापित एवं उतकृष्ट कार्य करने वाली कम से कम 03 वर्षो तक के उत्पाद बिक्री तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार पर राज्य सरकार उद्यमी पुरस्कार योजना मे वर्ष 2025-26 हेतु मण्डल स्तरीय समिति द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित प्रथम इकाई को रु0-15000.00 द्वितीय को रु0-12000.00 तथा तृतीय को रु0-10000.00 धनराशि सहित प्रमाण पत्र दिया जायेगा।इन्ही चयनित इकाईयो मे से प्रदेश स्तर पर प्रथम इकाई को रु0-40000.00 द्वितीय को रु0-30000.00 तथा तृतीय को रु0-20000.00 धनराशि के पुरस्कार सहित राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा।खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी इकाई स्वयं के श्रोतो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो वो भी पुरस्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

### डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर डलमऊ में सुनी लोगों की फरियाद



रायबरेली : जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना डलमऊ में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं।जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें।समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें।दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें।जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये।उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा।

# मुख्यमंत्री से अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविन्द्रपुरी जी महाराज ने की शिष्टाचार भेंट



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्रपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

संतों ने मुख्यमंत्री को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया और राज्य की समृद्धि, शांति और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। सीएम धामी ने कहा कि संत समाज का मार्गदर्शन हमेशा समाज को दिशा देता है।

राज्य सरकार धार्मिक स्थलों के विकास, चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं और संत समाज के कल्याण के लिए सतत कार्य कर रही है। भेंट के दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले पर भी गंभीर चर्चा हुई।

# आदर्श शिक्षा समिति भिवानी के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





भिवानी। आदर्श शिक्षा समिति भिवानी के आगामी कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी नीरज अग्रवाल द्वारा सभी जारी आदेश के अनुसार, नामांकन वापसी की अंतिम समय सीमा 26 अप्रैल थी। निर्धारित समय तक किसी भी पद के लिए अतिरिक्त प्रत्याशी न होने के कारण सभी उम्मीदवारों को बिना मुकाबला निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी चुने गए जिसमें अध्यक्षः अजय गुप्ता, उपाध्यक्षः पवन कुमार बुवानीवाला, सचिवः अशोक बुवानीवाला, संयुक्त सचिवः विनोद कुमार अग्रवाल (जूईवाला), कोषाध्यक्षः श्री कमलेश कुमार (चौधरी) शामिल है।

कार्यकारी सदस्यों में वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सुंदर लाल अग्रवाल, मुकेश कुमार गुप्ता, पवन कुमार केडिया, श्रीमती विद्या देवी,श' विजय किशन अग्रवाल, सुरेश चंद् देवरालीया, तुलसी राम बहलवाला, नोरेग राय गोयल, नंद किशोर अग्रवाल और श्रीमती रंजना देवी नियुक्त हुए।

पूर्व मुख्य मंत्री बनारसी दास गुप्ता के पुत्र अजय गुप्ता अध्यक्ष व अशोक बुवानीवाला सचिव निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं ये दोनों पदाधिकारी लगातार पांचवी बार बने है। अपने निर्वाचन की घोषणा के बाद अजय गुप्ता ने कहा कि महिला उत्थान के लिए जो स्वप्न बनारसी दास गुप्त व सेठ भगीरथ मल बुवानीवाला ने देखा था उसको पूर्णतः साकार कर नये आयाम स्थापित किये जा सकेंगे।

# द्दढ़ोमर वैश्य समाज एन सी आर दिल्ली का सामाजिक परिवार मिलनआज गैलक्सी वेगा नोएडा में आज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




ग्रेटर नोएडा देश के समृद्धशाली द्दढ़ोमर वैश्य समाज के नोएडा के प्रमुख युवा एवं महिला एवं वृद्ध पुरुषों की पहल से आज गैलेक्सी देगा में समाज के प्रमुख महानुभावों की एक आवश्यक बैठक सामाजिक मिलान तथा अग्रिम कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु रखी गई है इसमें दिल्ली एनसीआर के प्रमुख परिवारों के सदस्य भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम की सहभागिता कुछ प्रमुख परिवारों ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से प्रारंभ की है ताकि समाज में एक रास्ता सद्भावना एवं आपसी प्रेम व्यवहार बढ़े तथा आपसी संपर्क में एक दूसरे के सहयोग एवं सामंजस के द्वारा सामाजिक सौहार्द का वातावरण निर्मित हो। समाज के पुरुषों की ओर से शिवकुमार गुप्ता नोएडा (नोकिया ग्रुप)तथा महिलाओं की ओर से शिवानी जी और श्रीमती पूनम गुप्ता(पदाधिकारी राजनीतिक दल) का प्रयास विशेष रूप से हो रहा है,ताकि भविष्य में द्दढ़ोमर वैश्य समाज संगठन का दिल्ली में एक अच्छा वर्चस्व और पहचान स्थापित हो सके। विदित हो कि द्दढ़ोमर समाज के कम से कम 1000 परिवार दिल्ली एनसीआर में निवास करते हैं और जिसमें अच्छे संपन्न व मध्य वर्गीय परिवार शामिल हैं व लोकप्रिय व्यवसाय के साथ-साथ कई युवा महत्वपूर्ण पदों पर सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थानों में सेवारत हैं।

# एक देश एक चुनाव के दिल्ली कार्यक्रम में हरियाणा के व्यापारी नेता बालकिशन अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पहुंचे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

विगत दिवस नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय अंबेडकर सेंटर में आयोजित हुए एक देश एक चुनाव कार्यक्रम में बालकिशन अग्रवाल राष्ट्रीय चेयरमैन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सहित हरियाणा के सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर, देश में एक देश एक चुनाव के संकल्प को दोहराने हेतु आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाग लिया।






# तकनीकी प्रतिभाओं का अभिनंदन एवं विदाई, शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स में छात्रों को दी गई विदाई

## अंत नहीं, एक नई शुरूआत है, अपने सपनों को उड़ान दीजिएः डॉ संतकुमार चौधरी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




कूकसः जयपुर स्थित शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स में दिनांक 26 अप्रेल को तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय एवं शंकरा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स के अध्यक्ष डॉ. संत कुमार चौधरी ने कहा कि मैं आप सभी के बीच उपस्थित होकर थोड़ा भावुक और बहुत उत्साहित महसूस कर रहा हूँ। भावुक इसलिए कि आप जैसे ऊजार्वान और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आज इस संस्थान से विदा होते देख रहा हूँ, और उत्साहित इसलिए कि आपके उज्जवल भविष्य की कल्पना मेरी आँखों के सामने साकार हो रही है।

शंकरा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूसन्स सिर्फ ईंटों और पत्थरों से बनी इमारत नहीं है, बल्कि यह वह तपोवन है जहाँ आपने ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित की है। इंजीनियरिंग के सिद्धांतों को समझा है, साथ ही जीवन के महत्वपूर्ण पाठ भी सीखे हैं। आपने परीक्षाओं के दबाव को झेला है तो प्रयोगशालाओं में घंटों बिताए हैं, अपने सहपाठियों के साथ मिलकर चुनौतियों का सामना किया है। यह सब आपके व्यक्तित्व को गढ़ने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास का एक मजबूत भंडार लेकर आप संस्थान से जा रहे हैं। यह वह पूंजी है जो आने वाले जीवन की हर चुनौती का सामना करने और सफलता की नई ऊँचाइयों को छूने में मदद करेगी।

न्यास के अध्यक्ष डॉ संत कुमार चौधरी ने कहा कि इंजीनियरिंग सिर्फ मशीनों और कोड तक सीमित नहीं है। यह समस्याओं को हल करने, नवाचार करने और मानव जीवन को बेहतर बनाने का एक शक्तिशाली साधन है। आपके पास वह क्षमता है

जिससे दुनिया में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इसलिए, हमेशा जिज्ञासु रहें, नई चीजें सीखते रहें जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। आपको कर्मठता परिश्रम, धैर्य और द्दढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहना होगा। मार्ग में बाधाएं आएंगी, असफलताएं मिलेंगी, लेकिन उनसे निराश होने की बजाय, उन्हें सीख में बदलिए और दोगुनी ऊर्जा के साथ आगे बढ़िए। अपने मूल्यों को हमेशा याद रखें। ईमानदारी, अखंडता और नैतिकता जीवन के हर क्षेत्र में आपका मार्गदर्शन करें। अपने समाज और अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को कभी न भूलें। साथ ही उन्होनें कहा कि संस्थान के शिक्षकों और आपके अभिभावकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने आपका मार्गदर्शन किया और हर कदम पर आपका साथ दिया। उनका त्याग और समर्पण ही है जो आज आपको इस मुकाम तक ले आया है। यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। अपने सपनों को उड़ान दीजिए, अपनी पहचान बनाइए और हमेशा इस संस्थान का नाम रोशन करते रहिए।

### ज्ञान की ज्योति, भविष्य की ओर कदम

इस अवसर पर श्रीमान रणजीत कुमार (यूनीयन बैंक) ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर, आप सभी के साथ जुड़कर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह वह दिन है जब आप अपने कॉलेज के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को पूरा कर एक नए और रोमांचक भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। यह जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, और मुझे विश्वास है कि यहाँ जो ज्ञान और कौशल अर्जित किया है, वह आगे के सफर में आपका मार्गदर्शन करेगा। अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें, जैसे-जैसे आप अपनी पेशेवर जिंदगी में कदम रखेंगे, वित्तीय नियोजन महत्वपूर्ण होता जाएगा।

अपनी आय और व्यय का प्रबंधन करना सीखें, बचत करें और भविष्य के लिए निवेश की योजना बनाएं। अपने कॉलेज के साथियों, शिक्षकों और अन्य के साथ संबंध बनाए रखें। साथ ही नेटवर्किंग भविष्य में आपके करियर के अवसरों को बढ़ाने में मददगार साबित होगी क्योंकि दुनिया तेजी से बदल रही है, इसलिए नए कौशल सीखते रहना महत्वपूर्ण है। कभी भी सीखने की प्रक्रिया को बंद न करें। जीवन में चुनौतियाँ आती रहेंगी, लेकिन एक सकारात्मक द्दष्टिकोण उनसे निपटने और आगे बढ़ने में मदद करेगा। यह विदाई अवश्य है, लेकिन यह नए अवसरों और संभावनाओं का द्वार भी खोलती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी प्रतिभा और मेहनत से जीवन में बड़ी सफलताएँ प्राप्त करेंगे और कॉलेज और देश का नाम रोशन करेंगे।

### ज्ञान के पथ से विदाई, भविष्य के लिए शुभकामनाएं

इस अवसर पर श्रीमान आनन्द चोहरिया चीफ ऐडीटर न्यूज वन टाईम्स के सम्पादक ने कहा कि आपने जो कुछ भी सीखा, वह आपकी आगे की यात्रा में मार्गदर्शन करेगा। यह सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है, बल्कि यह जीवन के मूल्यों, दोस्ती के रिश्तों और चुनौतियों का सामना करने की सीख भी है, जीवन में आगे बढ़ते हुए कई अवसर मिलेंगे और कई चुनौतियाँ भी आएंगी।सफलता और असफलता, दोनों ही जीवन के अभिन्न अंग हैं। इस संस्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपकी मेहनत, लगन, और उत्साह ने कॉलेज के शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल को समृद्ध किया है। परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन खेलकूद, कला, और अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह कॉलेज हमेशा आपके लिए खुला रहेगा। आप जहाँ भी रहें, जिस भी क्षेत्र में काम करें, हमेशा अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर अडिग रहें।

# दिल्ली: 'आप' ने लगाया प्रदूषण के आंकड़ों में हेरफेर करने का आरोप, मंत्री ने बताया 'झूठ'



नयी दिल्ली, (भाषा) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पाकिस्तान द्वारा हवाई क्षेत्र बंद किए जाने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अवधि बढ़ने के मद्देनजर शनिवार को विमानन कंपनियों को परामर्श जारी किया कि वे यात्रियों के लिए उचित संचार व्यवस्था और उड़ान के दौरान खानपान सेवाएं उपलब्ध कराएं।

पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप उनकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, विशेषकर दिल्ली सहित उत्तर भारतीय शहरों से रवाना होने वाली उड़ानों का यात्रा समय बढ़ गया है।

डीजीसीए ने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध के कारण उड़ानों की अवधि बढ़ने और तकनीकी रुकावटों के मद्देनजर यात्री प्रबंधन संबंधी कदमों को लेकर परामर्श जारी किया है। यह परामर्श पांच मुख्य क्षेत्रों पर केंद्रित है - उड़ान से पूर्व यात्री संचार, उड़ान के दौरान खानपान एवं आराम, चिकित्सकीय आवश्यकता संबंधी तैयारी और वैकल्पिक हवाई अड्डे, ग्राहक सेवा एवं सहायता तत्परता तथा अंतर-विभागीय समन्वय।

डीजीसीए ने कहा कि हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों के कारण विमानन कंपनियों का संचालन प्रभावित हुआ है। अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय उड़ानों के मार्ग में बड़े परिवर्तन, निर्धारित अवधि की तुलना में 'ब्लॉक' समय में वृद्धि तथा परिचालन या ईंधन आवश्यकताओं के लिए विमानों के तकनीकी कारणों से यात्रा के बीच रुकने की संभावना है।

'ब्लॉक' समय से तात्पर्य मूल स्थान से गंतव्य तक उड़ान की अवधि से है। नियामक ने कहा कि विमानन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी यात्रियों को हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण मार्ग में परिवर्तन और संशोधित कुल अपेक्षित यात्रा समय (प्रस्थान से आगमन तक) के बारे में पहले से सूचित किया जाए। इसके अलावा, यात्रियों को यात्रा के बीच किसी हवाई अड्डे पर तकनीकी कारणों से रुकने की संभावना के बारे में भी सूचित किया जाना चाहिए।

नियामक के अनुसार, विमानन कंपनियों को यात्रियों को यह स्पष्ट करना होगा कि केवल परिचालन संबंधी कारणों से विमानों को तकनीकी रूप से बीच में रोका जाएगा और इस दौरान यात्री सामान्यतः विमान में ही रहेंगे। नियामक ने कहा कि यह सूचना 'चेक-इन', 'बोर्डिंग गेट' पर तथा एसएमएस/ई-मेल के माध्यम से दी जानी चाहिए।

डीजीसीए के अनुसार, विमानन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वास्तविक अपेक्षित 'ब्लॉक' समय (तकनीकी कारणों से यात्रा के बीच में रुकने का समय) के आधार पर खानपान का प्रबंध किया जाए ताकि पूरी यात्रा के दौरान पर्याप्त भोजन और पेय पदार्थ उपलब्ध हों। विमानन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि चिकित्सा किट और प्राथमिक चिकित्सा संबंधी संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों।

पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। पहलगाम में हुए हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदमों की घोषणा की जिनमें पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात सैन्य प्रतिनिधि को अवांछित घोषित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना और आतंकवादी हमले के सीमा पार से जुड़े होने के मद्देनजर अटारी भूमि-पारगमन चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करना शामिल है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को सभी भारतीय विमानन कंपनियों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का फैसला किया तथा भारत के साथ व्यापार को स्थगित कर दिया। विमानन कंपनी इंडिगो ने कहा कि उसके द्वारा संचालित लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा इसलिए कुछ उड़ानों के संचालन में बदलाव हो सकता है।

इंडिगो के मुताबिक, अल्माटी के लिए उड़ानें 27 अप्रैल से कम से कम सात मई तक तथा ताशकंद के लिए उड़ानें 28 अप्रैल से कम से कम सात मई तक रद्द रहेंगी।

## बाटागुर धोंगोका नामक कछुओं की संख्या में 80 प्रतिशत की गिरावट के लिए मनुष्य जिम्मेदार

नयी दिल्ली, (भाषा) कभी गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों में बड़ी संख्या में पाए जाने वाले 'बाटागुर धोंगोका' नामक कछुए अब काफी हद तक लुप्त हो चुके हैं। सरकारी खर्च पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि आधी सदी में इनकी आबादी में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जिसका मुख्य कारण ठिकानों का कम होना, अवैध व्यापार और प्रदूषण है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के समर्थन से किए गए इस अध्ययन से पता चला है कि बचे हुए कछुओं में आनुवंशिक विविधता बहुत कम है, जिससे इनके दीर्घकालिक अस्तित्व को लेकर चिंता उत्पन्न हो गई है। विज्ञान पर आधारित संरक्षण प्रयासों की तत्काल आवश्योकता को रेखांकित करते हुए, अध्ययन में दीर्घकालिक आनुवंशिक निगरानी, अवैध शिकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और विशेष रूप से राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में इन कछुओं के ठिकानों को बहाल करने का आह्वान किया गया है, जहां ये काफी अधिक संख्या में पाए जाते हैं।

# फिटजी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से लिए गए शुल्क का "गबन" किया: ईडी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि फिटजी कोचिंग संस्थान ने हजारों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से 200 करोड़ रुपये से अधिक शुल्क एकत्र किए, लेकिन शैक्षणिक सेवा प्रदान नहीं की, जो गंभीर वित्तीय अनियमितता और धन की हेराफेरी का संकेत है।

संघीय जांच एजेंसी (ईडी) ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन जांच के तहत 24 अप्रैल को फिटजी के निदेशक डी के गोयल, कंपनी के अन्य अधिकारियों और उनके कार्यालयों सहित परिसरों में छापेमारी की, जिसमें उसने 10 लाख रुपये नकद, 4.89 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए। यह छापेमारी नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में सात परिसरों में की गई।

ईडी के आरोपों के संबंध में फिटजी या इसके प्रवर्तकों से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क नहीं हो पाया है। धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज ईडी का यह मामला नोएडा, लखनऊ, दिल्ली, भोपाल और कुछ अन्य शहरों में विद्यार्थियों और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों के अभिभावकों द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई कई प्राथमिकियों पर आधारित है।




इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि फिटजी के वरिष्ठ प्रबंधन ने गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के बहाने विद्यार्थियों और अभिभावकों से "पर्याप्त" शुल्क वसूला, लेकिन वादा के अनुरूप शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने में विफल रहा एवं "बड़े पैमाने पर" वित्तीय धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और शैक्षिक कदाचार में लिप्त रहा।

ईडी की जांच में पाया गया कि फिटजी ने 2025-26 और 2028-29 के बीच चार शैक्षणिक सत्रों के लिए कुल 14,411 विद्यार्थियों से लगभग 250.2 करोड़ रुपये बतौर शुल्क वसूले। ईडी ने कहा, "फिटजी ने मौजूदा बैच के विद्यार्थियों से शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के बहाने बड़ी रकम एकत्र की, जो अंततः प्रदान नहीं की गई।"

ईडी ने कहा कि धन का निजी और अनधिकृत इस्तेमाल किया गया तथा शिक्षकों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप मुबई और दिल्ली के अलावा गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, नोएडा, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, फरीदाबाद और गुरुग्राम समेत कई जगहों पर 32 कोचिंग सेंटर अचानक बंद हो गए, जिससे लगभग 15,000 विद्यार्थियों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

एजेंसी ने कहा कि उसने तलाशी के दौरान "अभियोजनयोग्य" दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए, जिनसे "गंभीर" वित्तीय अनियमितताओं का संकेत मिलता है तथा इन सामग्रियों के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि धन की "हेराफेरी" करने की एक "व्यवस्थित" योजना बनाई गई थी।

# पंचायत चुनाव उम्मीदवारों को लंबित मामलों की जानकारी देना अनिवार्य: उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें कहा गया था कि पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने खिलाफ लंबित मामलों की जानकारी देना अनिवार्य है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मंडी जिले के पांगना ग्राम पंचायत के प्रधान की बर्खास्तगी को बरकरार रखने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले की पुष्टि करते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने 16 अक्टूबर, 2024 को कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा तथ्यों को छिपाना हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के तहत "भ्रष्ट आचरण" के बराबर है और यह उनके चुनाव को रद्द घोषित करने का एक और वैध आधार है। शीर्ष अदालत ने कहा, "जहां तक उच्च न्यायालय के आदेश और निर्णय को याचिकाकर्ता द्वारा दी गई चुनौती का सवाल है, हम इसमें कोई दम नहीं पाते।



हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि राज्य चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ कानून का हिस्सा माना है, इसलिए पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए इसके प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है।" पीठ ने कहा कि किसी भी मामले में याचिकाकर्ता बसंत लाल के खिलाफ लगाए गए कदाचार के आरोप के लिए अधिनियम, नियमों या विनियमों के किसी भी प्रावधान का संदर्भ देने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, "यह ऐसा मामला है, जिसमें उन्होंने जानबूझकर अपने खिलाफ आपराधिक मामले के लंबित होने के तथ्य को छिपाते हुए एक झूठा हलफनामा दाखिल किया। इस तथ्य को छिपाना ही उनके चुनाव को रद्द करने का एक वैध आधार था।"

लाल ने अदालत के समक्ष बताया था कि दो फरवरी, 2025 को एक आपराधिक मामले का खुलासा न करने के कारण उन्हें छह साल की अवधि के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। हालांकि, पीठ ने उल्लेख किया कि लाल को आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया था, जिसका विवरण उन्होंने कथित तौर पर छुपाया था और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। याचिकाकर्ता को छह वर्ष के लिए अयोग्य ठहराए जाने के मुद्दे पर विचार करते हुए पीठ ने कहा कि यह सजा कठोर है, क्योंकि संबंधित आपराधिक मामले में उसे बरी किया जा चुका है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस तथ्य के मद्देनजर कि याचिकाकर्ता को आपराधिक मामले में बरी कर दिया गया है, ऐसा लगता है कि उसे छह साल तक चुनाव लड़ने से रोकना "प्रथम दृष्टया उसके खिलाफ लगाए गए आरोपों के संबंध में कठोर दंड है।"

## जेएनयू छात्रसंघ के लिए मतदान संपन्न, नतीजे 28 अप्रैल तक आएंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया है और लगभग 70 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव समिति के अनुसार, 69.6 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने मतदान किया। हालांकि, यह 2023 में दर्ज 73 प्रतिशत मतदान से थोड़ा कम है। कुल 7,906 मतदाताओं में से लगभग 5,500 विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान दो सत्रों में सुबह नौ बजे से अपराह्न एक बजे तक तथा अपराह्न 2:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक, परिसर के 17 केंद्रों पर हुआ।

मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, हालांकि कुछ स्थानों पर देरी की खबरें भी आईं, विशेष रूप से स्कूल ऑफ लैंग्वेज केन्द्र पर, जहां मतपत्र पर दो उम्मीदवारों के नाम गायब होने के कारण मतदान देरी से शुरू हुआ।

# दिल्ली पुलिस ने सीबीएसई परीक्षा में छद्म रैकेट का भंडोफोड़ किया, चार आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की भर्ती परीक्षा में बैठने के लिए 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने 'ब्लूटूथ डिवाइस' से लैस एक छद्म परीक्षार्थी को काम पर रखा। हालांकि, जब एक परीक्षा निरीक्षक ने दोनों के बीच बायोमेट्रिक डेटा बेमेल पाए तो दिल्ली पुलिस ने छद्म और मूल परीक्षार्थियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार करके योजना को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान छद्म परीक्षार्थी सचिन (26), मूल परीक्षार्थी नितिन (28) और बिचौलियों बलजिंदर (27) व श्याम सुंदर (29) के रूप में हुई है। इन्हें शहर में अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, "हरियाणा के झज्जर से बीटेक पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर की पढ़ाई कर चुका नितिन सरकारी



नौकरी की तलाश कर रहा था और उसने सरकारी नौकरी की परीक्षा पास कराने के लिए एक व्यक्ति को काम पर रखने का फैसला किया। हरियाणा के टोहाना नगर निगम में ग्रुप डी के कर्मचारी बलजिंदर और श्याम सुंदर कथित तौर पर बिचौलिए के रूप में काम करते थे।" पुलिस के अनुसार जांच में पता चला कि श्याम ने नितिन के साथ 15 लाख रुपये में सौदा किया था, ताकि उसका चयन हो सके। पुलिस ने बताया कि बाद में श्याम ने बलजिंदर को भी इसमें शामिल किया, जिसने 12 लाख रुपये में नितिन के नाम पर सचिन को परीक्षा में बिठाने का प्रबंध किया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने हताश परीक्षार्थियों की पहचान करने तथा भर्ती परीक्षाओं में नकल कराने के लिए 'ब्लूटूथ डिवाइस' और अन्य उपकरणों से लैस उनके छद्म परीक्षार्थियों की व्यवस्था करने के लिए एक नेटवर्क भी बनाया।

मामला 20 अप्रैल को उस समय प्रकाश में आया जब ग्रेटर कैलाश-2 में स्थित एक स्कूल में अधीक्षक व कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई।

डीसीपी (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा, "नियमित जांच के दौरान, निरीक्षक को एक अभ्यर्थी के बायोमेट्रिक डेटा और उसके स्थान पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी के डेटा में अंतर मिला। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सादे कपड़ों में मौजूद अधिकारियों ने परीक्षा कक्ष के बाहर से सचिन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि पास में ही इंतजार कर रहे नितिन को भी कुछ देर बाद गिरफ्तार किया गया।" उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने बलजिंदर और श्याम की संलिप्तता का खुलासा किया, जिन्हें थोड़ी तलाशी के बाद ग्रेटर कैलाश इलाके के एक पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया। हरियाणा के रोहतक से स्नातक की पढ़ाई कर चुके सचिन का विभिन्न परीक्षाओं में छद्म परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने का इतिहास रहा है।

# दिल्ली सरकार ने मानसून में जलभराव होने से रोकने के लिए अधिकारियों की छुट्टियों पर 15 सितंबर तक रोक लगाई

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार ने आगामी मानसून की तैयारी के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभागों के अधिकारियों की छुट्टियों पर 15 सितंबर तक रोक लगा दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के आदेश के हवाले से बताया कि अत्यंत चिकित्सीय आपात स्थिति को छोड़कर 15 सितंबर तक कनिष्ठ अभियंता और उससे ऊपर के किसी भी स्तर के किसी भी कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत या अनुशंसित नहीं की जाएगी। आदेश में कहा गया, "चूंकि मानसून नजदीक आ रहा है, इसलिए नालों की सफाई, जलभराव और बाढ़ को रोकने, सड़कों की मरम्मत और शहर भर में सड़कों एवं नालों में जमे मलबे तथा गाद को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर काम करना होगा।"

अधिकारियों ने पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी में 400 से अधिक



जलभराव वाले स्थानों की पहचान की है। पुरानी नालियों और गाद के जमाव सहित कई कारणों से मानसून के दौरान जलभराव की समस्या बार-बार सामने आती है।

`0जल एवं लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सभी 1,400 किलोमीटर नालों की सफाई 31 मई तक कर दी जाएगी तथा अन्य एजेंसियां भी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नालों की सफाई के लिए काम कर रही हैं।

# भारत और चीन ने जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत और चीन जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करेंगे। पांच साल के अंतराल के बाद यह यात्रा होने जा रही है।

इस कदम को पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध से बुरी तरह प्रभावित दोनों देशों के संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह यात्रा जून से अगस्त तक दो मार्गों - उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा और सिक्किम में नाथू ला के जरिए होगी।

चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की तीर्थयात्रा का हिंदुओं के साथ-साथ जैन और बौद्धों के लिए भी बड़ा धार्मिक महत्व है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक होने वाली है।" प्रारंभ में कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में यात्रा को निलंबित कर दिया गया था और बाद में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों पक्षों के बीच सैन्य गतिरोध के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी-(चीनी



राष्ट्रपति) शी (चिनफिंग) वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने पिछले कुछ महीनों में कई बैठकें कीं, जिनका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाना था।

जनवरी में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बीजिंग का दौरा किया और अपने चीनी समकक्ष सन वेइदोंग के साथ बातचीत की। बैठक में दोनों पक्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने पर सहमत हुए थे।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, "इस साल लिपुलेख दर्रे से उत्तराखंड होते हुए पांच जत्थे तथा नाथू ला दर्रे से सिक्किम होते हुए 10 जत्थे (मानसरोवर) यात्रा पर जायेंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे।"

# रहमान और 'पोन्नियिन सेलवन 2' के निर्माताओं को कॉपीराइट मामले में दो करोड़ रुपये जमा कराने का आदेश

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने जूनियर डागर बंधुओं के शास्त्रीय गीत 'शिव स्तुति' से संबंधित 'कॉपीराइट' मुकदमे के बाद प्रख्यात संगीतकार ए आर रहमान और फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 2' के निर्माताओं को अदालत में दो करोड़ रुपये जमा कराने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 25 अप्रैल को पारित अंतरिम आदेश में कहा कि श्रोता के दृष्टिकोण से देखा जाए तो फिल्म में रहमान का गीत 'वीरा राजा वीरा' के मूल स्वर, भावना और श्रवण प्रभाव 'शिव स्तुति' से "न केवल प्रेरित है, बल्कि वास्तव में समान है।" न्यायाधीश ने कहा कि यह भगवान शिव को समर्पित गीत के मूल रचनाकारों के



अधिकारों का उल्लंघन है। अदालत ने सभी ओटीटी और ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर फिल्म में एक 'स्लाइड' डालने का निर्देश दिया ताकि जूनियर डागर बंधुओं दिवंगत उस्ताद एन. फैयाजुद्दीन डागर और दिवंगत उस्ताद जहीरुद्दीन डागर को रचना के लिए उचित श्रेय दिया जा सके। अदालत ने साथ ही दिवंगत कलाकारों के परिवार के सदस्य को हर्जाने के रूप में दो लाख रुपये देने का भी आदेश दिया। फैयाजुद्दीन डागर के पुत्र और जहीरुद्दीन डागर के भतीजे उस्ताद फैयाज वसीफुद्दीन डागर ने मुकदमे में तर्क दिया कि 'शिव स्तुति' समेत जूनियर डागर ब्रदर्स की सभी मूल रचनाओं का कॉपीराइट उनके पास है और प्रतिवादियों ने अवैध रूप से कॉपीराइट का उल्लंघन किया है। अदालत ने कहा, "अतः अंतिम विश्लेषण में, यह अदालत मानती है कि विवादित गीत मूल रचना शिव स्तुति पर आधारित या उससे प्रेरित है। अन्य तत्वों को जोड़ने से विवादित गीत आधुनिक रचना की तरह लग सकता है, लेकिन मूल अंतर्निहित संगीत रचना समान है।" अदालत ने कहा, "अतः प्रतिवादी की रचना शिव स्तुति में वादी के अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।" उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रतिवादी रहमान, मद्रास टॉकीज और लाइका प्रोडक्शंस को अदालत में दो करोड़ रुपये जमा कराने होंगे और मुकदमे पर अंतिम निर्णय होने तक इसे सावधि जमा के रूप में रखा जाएगा।

दैनिक
नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र

आवश्यकता है

नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।

7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com

VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001

Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia




कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला- जनपद अमरोहा

पत्रांकः– 126/ई– निविदा निर्माण कार्य– 2025 दिनांकः– 26.04.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, गजरौला में/शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, गजरौला में कार्य "वंदन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से" किये जाने हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित करती है। अतः इच्छुक निविदा दाता अपनी–अपनी ऑन लाईन निविदायें दिनॉक 26.04.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से दिनॉक 16.05.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक बेवसाईट https://etender-up-nic-in पर अपलोड कर सकते है, जो कि उसी दिनांक 16/05/2025 को अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगीं। निविदा के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज दिनॉक 16/05/2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गजरौला में निहित है, तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय मे जाने का अधिकार नही होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 126/NPP Gajraula/2025-26 |
| Publish date and Time | 26/04/25 03:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-bids | 16/05/25 03:00 Hrs |
| Date and time of opening of On line TE-Bids | 16/05/25 04:00 Hrs |
| Place of opening of E-Bids | Office NPP Gajraula, Amroha. |

(चन्द्रकान्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गजरौला
जनपद अमरोहा

(उमा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गजरौला
जनपद अमरोहा

### दिल्ली से चोरी करके लाए ट्रक को बरेली ठिकाने लगाने की कोशिश

# ट्रक चुराने वाले तीन बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार





नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी ब्यूरो

बरेली/बारादरी पुलिस ने शुक्रवार रात भरतौल रोड पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से एक तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, चोरी किया गया कैंटर ट्रक और चाबियों का गुच्छा बरामद किया है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

आपको बताते चलें ,बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश भरतौल रोड पर चोरी का ट्रक बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश रहीम उर्फ बाबू उर्फ बट्टा निवासी चंदोई, थाना इस्लामनगर, जनपद बदायूं (वर्तमान पता दक्षिणी दिल्ली) के दाहिने पैर में गोली लग गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं उसके दो साथी सहजान पुत्र साहिद और साकिब पुत्र इदरीश (निवासी भवानीपुर खल्ली, थाना सहसवान, बदायूं) को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने इनके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक कैंटर ट्रक (नंबर उ्छ1ॠ0610) और चाबियों का गुच्छा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में बदमाशों ने खुलासा किया कि वे विभिन्न प्रकार की चाबियों से सड़क किनारे खड़े ट्रकों का ताला तोड़कर वाहन चोरी करते थे। बरामद कैंटर ट्रक को उन्होंने दिल्ली से चोरी किया था और बरेली में बेचने की फिराक में थे।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ये रहे शामिल

बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक जगत सिंह, उपनिरीक्षक कुशलपाल सिंह, उपनिरीक्षक सनी चौधरी, हेड कांस्टेबल आशीष कुमार, कांस्टेबल सिद्धांत चौधरी, अवनीश कुमार और मनोज कुमार शामिल रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव आज पूरे देश की जरूरतः हरीश ठाकुर

### क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा के संयोजन में हुआ एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर विधायक राजीव तरारा के संयोजन में सम्मेलन का आयोजन नगर के धनौरा रोड स्थित एक बैंकट हॉल में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री (प.) हरीश ठाकुर ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज पूरे देश की जरूरत है। इस सहमति को बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि अलग-अलग चुनाव होने से खर्च बढ़ता है। बार-बार आचार संहिता लगने से विकास भी बाधित होता है। एक साथ चुनाव होने से संसाधनों की बचत होगी। देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी। इसलिए सभी लोग पत्र लिखकर, सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान का हिस्सा बनें। विधायक राजीव तरारा ने भी एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. भीष्म आर्य ने व संचालन सत्यपाल सिंह ने किया। जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चंद्रभान भाटी, डॉ. सोरन सिंह, रामरतन सिंह, शशि चौहान, सुरेन्द्र औलख, सम्राट अग्रवाल, धर्मेन्द्र चौधरी, चौ.चरण सिंह, सुनील गुप्ता, डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, अंकुर नागर, अंजू, मनमो. हन सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में पहलगाम में दिवंगत पर्यटकों की आत्मा शांति हेतु प्रार्थना की गई।

# घर के बरामदे में सो रहे किसान की गोली मारकर हत्या

### प्रथम दृश्टया प्रेम प्रसंग या जमीन विवाद की आशंका गांव में दहशत का माहौल

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र के दशरथगंज गांव में देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब अज्ञात बदमाशों ने घर के बरामदे में सो रहे किसान सोमपाल (45) को गोली मार दी। गोली सीने में लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए। मृतक के भतीजे अमरपाल ने बताया कि सोमपाल खाना खाने के बाद रोज की तरह अपने घर के बरामदे में लेटे हुए थे। रात करीब 1:30 बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार और आसपास के लोग जागे। चारपाई पर खून से लथपथ सोमपाल का शव देखकर सभी के होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अविवाहित था और अकेले रहता था। वह खेती-बाड़ी करता था और शांत स्वभाव का बताया जा रहा है। भतीजे अमरपाल ने हत्या के पीछे जमीन विवाद या फिर किसी प्रेम प्रसंग की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में दहशत का माहौल है और परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में दिव्यांगों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**दिव्यांग बोले-**

**कोई किंतु परंतु नहीं दुष्ट दलन हो, चाहे इस पार वाले हो चाहे उसे पार वाले हो हमारे उत्तर की गूंज विश्व में गूंजनी चाहिए**

नेशनल एक्सप्रेस





बरेली। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस भीषण हमले में लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आतंकियों ने इस हमले को अंजाम देने के दौरान निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया, जिससे पूरे देश में गुस्से की लहर दौड़ गई है। हमले की खबर फैलते ही देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम जनता ने इस नृशंस घटना की कड़ी निंदा की है। बरेली में वातसल्य सेवा संस्थान,रेजीडेंसी गार्डन में दिव्यांग बच्चों ने विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए। दिव्यांग बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की है की आतंकवादी हमले का मुहतोड़ कार्यवाही करें । इसे इस्लामिक आतंकवाद की भयावह तस्वीर करार दिया है उनका कहना था कि हमले के दौरान आतंकियों ने धर्म पूछकर, कपड़े उतरवाकर लोगों की पहचान की और फिर हत्या की जो कि एक गहरी साजिश और मजहबी नफरत का संकेत है। ऐसी कायराना हरकत का जवाब ऐसा हो कि इनकी 7 पुश्तें भी याद रखे। संस्थान की चेयरमैन श्रीमती चेतना सक्सेना ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला देश पर हमला है ,इसका उत्तर भी ऐसा होना चाहिए जो दुनिया में नजीर बन जाए । बिना किसी किन्तु -परन्तु के दुष्ट दलन हो, चाहे वे इस पार वाले हों या उस पार वाले, हमारे उत्तर की गूँज विश्व भर में जानी चाहिए, इस से कम कुछ भी स्वीकार्य नहीं होगा राष्ट्र को । आतंकवादियों का कोई धर्म या पंथ नहीं होता। इस मौके पर चेयरमैन श्रीमती चेतना सक्सेना, सचिव साहिल सक्सेना, हिमांशु ,प्रतीक, ओम, आशुतोष, राधिका, सोनम, अयान, सुधन, तनसुका, हंस,यश,पीहू, शिव,गौरव, वंश, उदित, भावना सक्सेना, निधि सक्सेना, प्रीति सक्सेना, सरिता तलवार, डॉक्टर गिरीश दत्त शर्मा, डॉक्टर इंद्रेश गुप्ता, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर शीबा आदि मौजूद रहे।

# ड्यूटी के दौरान टीएसआई का सरकारी वॉकी-टॉकी चोरी

### भीड़ में यातायात व्यवस्था संभालते हुए वॉकी टॉकी चोरी इज्जतनगर पुलिस तलाश में जुटी

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। इज्जतनगर अंडरपास पर सोमवार शाम यातायात व्यवस्था संभाल रहे दरोगा का सरकारी रेडियो हैंडसेट भीड़भाड़ के बीच चोरी हो गया। यातायात पुलिस में तैनात इस दरोगा ने काफी तलाश की, लेकिन रेडियो का कहीं कुछ पता नहीं चला। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और मामले की जांच की तैयारी चल रही है। यातायात पुलिस बरेली में तैनात दरोगा मोहित कुमार रविवार को इज्जतनगर क्षेत्र में सेक्टर प्रभारी के तौर पर ड्यूटी पर थे। शाम करीब सात बजे के आसपास जब इज्जतनगर अंडरपास के पास यातायात संचालन में व्यस्त थे। इस दौरान किसी शातिर ने भीड़ का फायदा उठाकर दरोगा के पास से उनका सरकारी वॉकी-टॉकी गायब कर दिया। ड्यूटी में व्यस्त दरोगा को शुरूआत में चोरी का अंदाजा भी नहीं लगा, लेकिन जब उन्होंने वायरलेस से संपर्क साधने की कोशिश की तो रेडियो सेट गायब पाया।

वॉकी-टॉकी चोरी होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई। दरोगा ने खुद घटनास्थल के आसपास काफी देर तक ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वॉकी-टॉकी का कोई सुराग नहीं मिल सका। संभावना जताई जा रही है कि इस लापरवाही के चलते दरोगा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है। इस घटना के बाद से यातायात पुलिस को भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्यूटी करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस विभाग अब इस बात की पड़ताल कर रहा है कि कहीं वॉकी-टॉकी का दुरुपयोग न हो सके। जल्द ही रेडियो को बंद कराने और नंबर ब्लॉक करने की प्रक्रिया भी शुरू कराई जाएगी।

# मोहनपुर निवासी कादिर की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### ■ठिरिया निजावत खां के जंगल में चकरोड पर पड़ी मिली लाश, पास में पड़ी थी जहरीली शीशी

### ■परिजनों का आरोप दोस्त बुला कर ले गए थे , दोस्तों ने जहर देकर की हत्या

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ठिरिया निजावत खां के जंगल में - एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक की पहचान मोहनपुर दर्जियों वाली - मस्जिद निवासी 22 वर्षीय कादिर - पुत्र कौसर अली के रूप में हुई। शव के पास जहरीली दवा की खाली - शीशी पड़ी थी, जिससे प्रथम द्दष्टया आत्महत्या की आशंका जताई गई, - लेकिन परिजन इसे सिरे से नकारते - हुए हत्या का आरोप लगा रहे हैं।परिजनों का कहना है कि शुक्रवार की शाम कुछ दोस्त कादिर को घर से बुलाकर ले गए थे। रातभर तलाश के बाद भी कादिर का कुछ पता नहीं - चला। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने - जंगल में लाश देखी, तो सूचना फैलते ही हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह करीब छह बजे ठिरिया निजावत खां के ग्रामीण खेतों की ओर निकले थे, तभी जंगल के चकरोड पर एक युवक का शव पड़ा मिला। शव के पास ही बाइक खड़ी थी और थोड़ी दूरी पर जहरीली शीशी भी पड़ी थी। मौके पर भीड़ जुट गई। कुछ देर बाद मृतक की पहचान कादिर निवासी मोहनपुर निवासी के रूप में हुई।

मृतक के घरवालों ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम सात बजे के आसपास कादिर को उसके कुछ दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में निकल पड़े, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों का आरोप है कि दोस्तों ने साजिशन उसे जहर देकर मार डाला। हालाकि वे हत्या की वजह स्पष्ट नहीं बता सके। घटना की सूचना पर सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव, कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव के पास से साक्ष्य जुटाए गए। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, लेकिन भारी भीड़ के चलते खास सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोबाइल कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने दोस्तों की तलाश शुरू कर दी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

# अपनी दिनचर्या में योग को करें शामिल : माया शंकर



### खेतान वर्ल्ड स्कूल में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। नगर के खेतान वर्ल्ड स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक मायाशंकर यादव ने करते हुए योगों के महत्तव पर प्रकाश डाला और बच्चों से इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र व डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने भी योगों के महत्तव पर रोशनी डाली। अतिथियों ने विजेताओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के चेयरमैन सर्वेन्द्र सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ जीवन के नैतिक मूल्यों, योग व स्वास्थ्य के बारे में बताया। प्रधनाचार्या रंजीता रानी जी ने कहा,योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मन और आत्मा को भी सशक्त करता है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अध्किारी दीक्षांत त्यागी, जिला सचिव ओलंपिक संघ डॉ.एमपी शर्मा, बीईओ आरती गुप्ता, जुबिलेट इन्ग्रेविया लिमिटेड के जीएम पीआर सुनील दीक्षित, डॉ.सुजिंदर सिंह फोगाट, नेमपाल सिंह, रणवीर सिंह, अमित गर्ग, अनूप कुमार, आशीष कुमार शर्मा समेत जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ.जोगिन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पुरूजीत सिंह, दीक्षा कौशिक, कोमल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# वेंकेटेश्वरा विवि में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र झ्र एक चुनाव विषय पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि, वक्ता के रूप में प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल ने वन नेशन झ्र वन इलेक्शन बिल के फायदे गिनाते हुए कहा कि इस शानदार राष्ट्रवादी बिल के लागू होने से जहां एक ओर समय एवं धन की बचत होने के साथ -साथ मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, वही दूसरी ओर देश के नागरिक विशेष रूप से युवा जातिवाद, क्षेत्रवाद, वर्ण, धर्म, सम्प्रदाय से उपर उठकर राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में अपना प्रभावी योगदान दे सकेंगे वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय के अब्दुल कलाम आजाद सभागार में वन नेशन झ्र वन इलेक्शनद्ध बिल के समर्थन में आयोजित ह्ययुवा सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश शासन कपिलदेव अग्रवाल, वेंकेटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो.(डा.) कृष्णकान्त दवे, श्री उदयगिरि गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, हिमांशु त्यागी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया । अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रहित के सबसे बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक वन नेशन झ्र वन इलेक्शनद्ध बिल के लागू होने से पूरे देश में सामाजिक समरसता के साथ राष्ट्रवाद की अवधारणा मजबूत होगी। वही इससे बार-बार होने वाले अलग-अलग चुनावों में सरकारी धन एवं समय के दुरूपयोग पर अंकुश लगेगा साथ ही साथ चुनावों के दौरान होने वाली आपराधिक घटनाओं के ग्राफ में भी कमी आयेगी। इस बिल के लागू होने से इस देश के किसी भी नागरिक का कोई नुकसान नही होने वाला बल्कि प्रत्येक नागरिक विशेष रूप से युवा वर्ग इससे बहुत ज्यादा लाभान्वित होंगे। इस बिल का विरोध केवल कुछ चंद लोग जो देश में ह्यराजनैतिक एवं आर्थिक अस्थिरताद्ध पैदा करना चाहते है, वो लोग करना चाहते है। लेकिन अब देश की पढ़ी-लिखी युवा पीढ़ी उनके झांसे में नही आने वाली है। हम सबको मिलकर नये मजबूत अखण्ड एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे आना होगा। अवसर पर डीन अकेडमिक डा. राजेश सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. सी.पी. सिंह, डा. एस.एन. साहू, डा. एल.एस. रावत, डा. एना एरिक ब्राउन, डा. मनीष शर्मा, डा. राजवर्धन, डा. आशुतोष सिंह, डा. अश्विनी सक्सेना, डा. धीरज दुबे, डा. ओमप्रकाश सिंह, डा. अनिल कुमार जायसवाल, डा. स्नेहलता गोस्वामी, डा. नीतू पंवार, डा. ज्योति सिंह, डा. मंजरी राणा, हिमानी चौहान, हरप्रीत कौर, हुमा, तहसीर, पूजा कुमारी, अनुषा कर्णवाल, सुमनदीप कौर, हिमानी गरजोला, पूजा एरी, सहर्ष वाल्टर, शुऐब, अखिल कुमार, अनुज कुमार, जुबैर, एस.एस. बघेल, मारुफ चौधरी एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# आरके पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल में बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चारों हाउस (विकेकानन्द, शास्त्री, टैगोर, गाँधी ) के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन खेलने में अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शास्त्री हाउस विरोधियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा देकर विजयी रहा। समापन में कार्यक्रम विद्यालय अध्यक्षा अदिति टंडन ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया। विद्यालय प्रधानाचार्या डा0 शिक्षा सरदाना एवं उप-प्रधानाचार्य रिंकू संक्सेना ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त विद्यालयी परिवार को धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के संचालन श्रीमती मानसी चौधरी, इरम नूर, विकास शर्मा, संजय शर्मा, ओबेद रजा रिजवी , शुजाउद्दीन अंसारी, साजन गुप्ता आदि रहे।

# सिरौली के नसरतगंज में गोली मार कर बदमाश की हत्या

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र में घर के बाहर से रहे बदमाश की किसी ने गोली मर कर हत्या कर दी। जब परिवार व गांव के लोगों ने गोली की आवाज सुनी ती हड़कंप मच गया। जब परिवार के लोगों ने सोमपाल की चारपाई के पास जाकर देखा तो वह खून से लहूलुहान पड़ा हुआ था। उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना को अंजाम देने वाला, फरार हो चुका था। तुरंत ही लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। हत्य की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक के शव का पंचनागा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना सिशीली क्षेत्र के गांव नसरतगंज में लेखराज का परिवार रहता है। लेखपाल के बेटे विरेंद्र ने बताया कि उनका बड़ भाई सोगपाल आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था।

## न्यूज ब्रीफ

### भाई भाई की जमीनी लड़ाई मे भतीजा घायल



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव सहबाजपुर में जमीनी विवाद को लेकर भाई भाई में विवाद हो गया। जिसमें एक भाई के लड़के ने अपने पापा को बचाना चाहा तो चाचा ने अपने भतीजे के साथ मारपीट कर सर मे ईट मारकर घायल कर दिया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। पुलिस ने घायल का उपचार नरौली सीएचसी में कराया है। गांव सहबाजपुर में पंकज पुत्र लुध्यान सिंह अपने परिवार के साथ रहता है। उसके परिवार से चाचा से जमीन व टैक्टर को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार की सुबह 9.30 बजे किसी बात पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घटना में पंकज घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नरौली सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

### वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति ने मनाया वार्षिक उत्सव



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चन्दौसी। वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति द्वारा शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीअक्रूरजी महाराज के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संभल राजेन्द्र पैंसिया रहे। वार्षिकोत्सव के दौरान जादू-शो आकर्षण का केन्द्र रहा। समिति की सचिव रचना वार्ष्णेय द्वारा समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही समिति की शाखाओं के उत्कृष्ट कार्यों के चलते महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, वीनस ग्रुप सीईओ अनुपम सिंह, पुनीत वार्ष्णेय, एड0 देवेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, सतेन्द्र कुमार वार्ष्णेय, रोटेरियन पायल गुप्ता, हेमलता, सर्वेश चीनी, रचना वार्ष्णेय, उमा, मीना, आकांक्षा, पूनम, मोनिका, गीता, अंशू, अलका, विमलेश आदि मौजूद रहीं।

### वन नेशन वन इलेक्शन का जनपद स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी भारतीय जनता युवा मोर्चा चंदौसी जनपद संभल के द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन का जनपद स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को मॉडल ला कॉलेज चंदौसी* में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सुब्रत पाठक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ मे माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी भी मौजूद रही जिसमे भारी स्ख्या मे स्टूडेंट कालेज स्कुल के बच्चे मौजूद रहे जिसमें सभी बच्चों ने भी प्ले कार्ड के द्वारा संदेश दिया कि भारत मे हर साल लाखो रुपये अलग अलग चुनाव कराने मे खर्च किया जाता है और इसका भार देश पर पढ़ता है इसलिए देश मे एक चुनाव होने पर खर्चे मे कमी आयेगी इस आप सभी भारतीय जनता पार्टी सम्भल जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य राजू कालरा , शिखर गोयल, सतीश अरोरा,अंकित जैन,आकाश अग्रवाल अंकुर अग्रवाल,परमेश्वर लाल सैनी,सोनू चाहल अभिनव शर्मा,टी एस पाल, नगर अध्यक्ष अलोक शाक्य,माघवेन्द्र राघव,रितिविक चौधरी,आकाश आहूजा, क्रांति कुमार,ऋषभ रस्तोगी सावन शर्मा,तुषार अग्रवाल यश मदान आकाश, आधार रस्तोगी,शगुन ठाकुर आदि भारी संख्या मे पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

■थाना रजपुरा पहुँच कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं
■थाना समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाएं: जिलाधिकारी





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना रजपुरा में किया गया।

ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, मार्ग से संबंधित तथा पैमाईश तथा सह खातेदार द्वारा भूमि न जोतने देने आदि की शिकायतें थाना समाधान दिवस में आयीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े । जिलाधिकारी ने ग्राम मोलनपुर डांडा से सह खातेदार द्वारा भूमि जोतने न देने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसीलदार को मौके पर भेजकर वहां कि वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए तथा किसान अपनी भूमि को जोते यह सुनिश्चित किया जाए।

थाना समाधान दिवस के अंतर्गत थाना रजपुरा में 12प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 3 का तत्काल निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना समाधान दिवस में आयीं कुछ शिकायतों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। सीएचसी रजपुरा के निकट अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण को हटाया जाए तथा एफआईआर की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। रजपुरा में ही एक अन्य स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच कर शीघ्र रिपोर्ट ?प्रस्तुत की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, एवं जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं खंड विकास अधिकारी रजपुरा अमरजीत सिंह,थानाध्यक्ष रजपुरा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुकानदारों ने प्रतिष्ठान बंद कर पहलगाम में हुई आतंकी घटना का किया विरोध



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। संयुक्त व्यापार मंडल व भाजपा मंडल चंदौसी के आह्वान पर शनिवार को नगर के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में अपना रोष व्यक्त किया। दोपहर 12 बजे तक शहर की लगभग सभी दुकानें बंद रही। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नगर में भ्रमण कर कुछ खुल रही इक्का दुक्का दुकानों को भी बंद करा दिया। इस दौरान सुबह करीब 11 बजे ब्रह्म बाजार में व्यापार मंडल ने पहलगाम आतंकी घटना को लेकर प्रदर्शन किया और पाकिस्तान मुदार्बाद के जमकर नारे लगाए। अ?खिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा की गई यह कोई पहली आतंकी घटना नहीं है। दुश्मन मुल्क समय- समय पर भारत देश में आतंकी हमले कराते आया है। अब व्यापार मंडल की मांग है कि भारत की केंद्र सरकार पाकिस्तान पर बड़ी कार्रवाई करे, जैसे इजरायल देश ने अपने दुश्मन मुल्क फिलीस्तीन पर की थी। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाएं कि दोबारा भारत के ?खिलाफ कुछ करने से पहले दस बार उसे सोचना पड़े और पाकिस्तान की नक्ष्ने भी याद रखें। हलवाई एसोसिएशन के अध्यक्ष मंतेश वार्ष्णेय ने कहा कि अधिक समय ले कर तत्काल पाकिस्तान के खिलाफ जबावी कार्यवाही की जाये सबसे बड़ी बात जिन्होंने ने आतंकियों का साथ दिया उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाये। इस दौरान

विरोध में व्यापारी नेता अरविंद एम डी एच प्रेम ग्रोवर देवेंद्र मोनू अंकित जैन शुभम अग्रवाल सागर राजू चड्डा अंकित जैन परमेश्वर लाल सैनी ग्रीश रतन मयंक वार्ष्णेय चिंकल शाहआलम मंसुरी टी एस पाल राजा मुदिद गर्ग तरुण नीरज कौशल किशोर जय शंकर दुवे सचिन अग्रवाल ज्ञान प्रकाश शर्मा पंचू वार्ष्णेय कुलदीप वार्ष्णेय उमैर भुवनेश वार्ष्णेय कुशाग्र अनुज विकाश सनातनी धारा सिंह हेमंत अंकुर विकास मेंथा आदि मौजूद रहे।

## विशेष लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 20 वादों का किया निस्तारण

नेशनल एक्सप्रेस राहुल सक्सेना





चंदौसी संभल । प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चंदौसी, अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा बताया गया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रांक के अनुपालन में शनिवार दिनांक 26.04.2025 को जनपद न्यायालय संभल में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी आरती फौजदार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी, अर्चना सिंह-प्रथम, सिविल जज (जू.डि.), बाह्य न्यायालय संभल, नावेद अख्तर, सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट सं. 02 बाह्य न्यायालय, वंदना सिंह एवं सिविल जज (जू,डि.), गुन्नौर बाह्य न्यायलय संभल, नाजिम अकबर उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत के अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी आरती फौजदार द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 से संबंधित 17 वादों का निस्तारण किया गया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी, अर्चना सिंह-प्रथम द्वारा 20 वादों का निस्तारण किया गया, सिविल जज (जू.डि.), बाह्य न्यायालय संभल, नावेद अख्तर द्वारा 05 वादों का निस्तारण किया गया, सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट सं. 02 बाह्य न्यायालय, वंदना सिंह द्वारा 03 वादों का निस्तारण किया गया एवं सिविल जज (जू.डि.), गुन्नौर बाह्य न्यायलय संभल, नाजिम अकबर द्वारा 10 वादों का निस्तारण किया गया।

# खराब निर्माण सामग्री लगाना पड़ा भारी

### शक्ति नगर पोखर की रिटर्निंग वॉल को तुड़वाकर ठेकेदार पर लगाया पॉच लाख का जुर्माना

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। शहर की जल निकासी और विशेष रूप से गूलर रोड पर होने वाले जल भराव की समस्या से स्थानीय नागरिकों को निजात दिलाने के लिए प्रयासरत महापौर प्रशांत सिंघल ने इस क्षेत्र में बड़ी क्षमता के सम्पवैल निर्माण के लिए नगर आयुक्त विनोद कुमार के साथ शक्ति नगर पोखर के पास जमीन तलाशने के लिए दौरा किया। सम्पवैल की जमीन देखने पहुंचे महापौर और नगर आयुक्त ने शक्तिनगर पोखर की खुदाई को भी चेक किया अमृत सरोवर के अंतर्गत खुदाई हो रही इस पोखर की रिटर्निंग वालों के निर्माण का काम हो रहा था रिटर्निंग वॉल में निर्माण सामग्री घटिया और दोयम दर्जे की लगाने पर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। नगर आयुक्त ने घटिया मानक और गुणवत्ता के विपरीत रिटर्निंग वॉल को जेसीबी मंगवाकर तुड़वाया और संबंधित ठेकेदार मैसर्स एन0 बी0 कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध पॉच लाख का अर्थ दण्ड लगाने के निर्देश मुख्य अभियंता सुरेश चंद को दिए। मौके पर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में कमेटी गठित कर इस घटिया निर्माण की जांच कराए जाने की निर्देश दिए।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा शहर में निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही मानक और गुणवत्ता से समझौता नगर निगम नहीं करेगा ठेकेदार की लापरवाही मिली है और उसे पर पॉच लाख का अर्थ दंड लगाया गया है। महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा शहर की जल निकासी के लिए शक्ति नगर पोखर बेहद महत्वपूर्ण है भविष्य में यह पोखर जल निकासी का प्रमुख स्त्रोत बनेगा निरीक्षण में इसकी रिटर्निंग वॉल बेहद कमजोर और मानक गुणवत्ता की विपरीत बनायी जाती दिखाई दी नगर निगम द्वारा सराहनीय एक्शन लेते हुए रिटर्निंग वॉल को ध्वस्त किया गया है और ठेकेदार पर अर्थ दंड भी लगाया है। इस दौरन अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, तहसीलदार विनय राय, विजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास की घटना का किया सफल अनावरण

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। विगत 24 अप्रैल 2025 को आगन्तुका व वादिया द्वारा एक लिखित तहरीर दी गयी जिसमें अवगत कराया कि मेरा पुत्र शमशाद अपने दोस्तों जहीर पुत्र अल्लानूर व दानिश पुत्र गुलशेर निवासीगण मौलाना आजाद नगर, थाना-क्वार्सी के साथ धौर्रा बाईपास मामा चाय के होटल पर चाय पी रहा था तभी अचानक दो बाइकों पर सवार तीन व्यक्तियों में से एक ने मेरे बेटे शमशाद के ऊपर जान से मारने की नियत से गोली चला दी जिससे गोली उसके पेट में लग गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त सूचना के आधार पर थाने में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के त्वरित अनावरण हेतु दो टीमें गठित की गयी थीं।

विवेचना (अनुसंधान) प्राप्त सूचना व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोटरसाईकिल सवार अज्ञात अभियुक्तों की तलाश व पतारसी सुरागरसी से अभियुक्त सादिक उर्फ ईदू निवासी इस्लाम नगर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ व जहीर पुत्र अल्लानूर निवासी मौलाना आजाद नगर थाना क्वार्सी अलीगढ़ का नाम प्रकाश में आया जिनसे पूछताछ की गयी तो उन्होने जुर्म कबूलते हुआ कहा कि घायल शमशाद जिसके गोली लगी है वह हमारा दोस्त है, हमने वर्थडे पार्टी में अपनी टशनबाजी दिखाने को लेकर उसके गोली मार दी, पुलिस की पकड़ में न आ जाये इसलिए हमने अपने दुश्मनों को फसाने के लिये शमशाद के घर वालों से तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करा दिया था और अपने दुश्मनों के नाम भी धीरे से बता दिये थे ,फिर भी आपने हम लोगों को पकड़ ही लिया। इस दौरान अभियुक्तगण के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस व अन्य दो अदद तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 व एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया। अभियुक्तगण द्वारा असमाजिक तत्वों से कमीशन लेकर अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त कराना भी स्वीकार किया गया। प्रभारी निरीक्षक क्वार्सी नरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोलीकाण्ड (हत्या का प्रयास) प्रकरण का पदार्फाश कर प्रकाश में आये अभियुक्त सादिक उर्फ ईदू निवासी इस्लाम नगर थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ व जहीर पुत्र अल्लानूर निवासी मौलाना आजाद नगर थाना क्वार्सी अलीगढ़ को धौर्रा बाईपास से चिलकोरा नगरिया रोड सीमेन्ट गोदाम के पास से मय घटना में प्रयुक्त तमंचा 315 बोर सहित कुल तीन तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा 315 बोर व एक तमंचा 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बिना नम्बर सहित गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित तीन शातिर अभियुक्त किये गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र कारतूस रखने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकराबाद पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों के मय शस्त्र कारतूस सहित गिरफ्तार किया तो वहीं बरामदगी के आधार पर उनके विरुद्ध मुकदमे पंजीकृत किया। पुलिस ने बबलू पुत्र स्व0 श्री रमेशचन्द्र निवासी नई बस्ती पनैठी थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित ट्रामा सेन्टर जसरथपुर के बगल से जसरथपुर जाने वाला कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया।

वहीं राजकुमार पुत्र ओमवीर निवासी ग्राम रुदायन थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ को एक देशी तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ विजयगढ़ रोड़ पर स्थित मोबाइल टावर से करीब 100 मीटर की दूरी विजयगढ़ की ओर से गिरफ्तार किया। तो वहीं प्रदीप पुत्र अर्जुन सिंह निवासी रूदायन थाना अकराबाद जनपद अलीगढ़ करे एक देशी तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ अकराबाद से पिलखना रोड़ बम्बे की पुलिया से लगभग 100 कदम पहले गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने वाहन चोर गैंग का किया पदार्फाश



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी इगलास महेश कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी गोण्डा मनोज कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त आजाद पुत्र जबरुद्दीन उर्फ जमीरुद्दीन निवासी ग्राम नोगमा थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ व सनी देवल पुत्र दुली सिंह निवासी ग्राम शाहपुर कुतुब थाना रोरावर जनपद अलीगढ़ को माल सहित मुरबार पैंठ से व शाहपुर कुतुब बम्बा से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त आजाद ने पूछताछ पर बताया कि करीब 15 दिन पहले मैंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर ग्राम मुरबार पैठ से एक मोटर साइकिल व करीब दो माह पूर्व एक हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल चोरी की थी उनके पाट्र्स निकालकर सनी मिस्त्री को बेच दिये थे और चेसिस नं0 को काटकर एमएचए मीट फैक्ट्री के पीछे गन्दे नाले में फेंक दिया था। अभियुक्त की निशांदेही पर सनी की दुकान से कुछ अन्य चोरी की मोटर साईकिल व मोटर साईकिलों के पार्टस बरामद किये गये। आज भी अपने साथी के साथ मुरवार से एक मोटर साइकिल यू0पी0 81 बी0जेड0 2284 स्पेण्डर प्लस को चोरी कर रहा था तभी वाहन स्वामी ने पकड़ लिया।

# जिले को जल्द मिलेगा 490 विद्यार्थियों की क्षमता वाला राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं यूपी सिडको के अध्यक्ष वाई0 पी0 सिंह ने सांसद हाथरस अनूप प्रधान एवं महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा के साथ शनिवार को जिला भ्रमण के दौरान विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की एवं अधिकारियों को जनहित में कार्यों को शीघ्रता एवं पारदर्शिता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। मंत्री श्री सिंह ने अपने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

मंत्री श्री सिंह ने बैठक के उपरांत ग्राम अलहदादपुर में 490 विद्यार्थियों की क्षमता वाला निमार्णाधीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए एक सशक्त शैक्षिक आधार बनेगा, जिससे उन्हें बेहतर शैक्षिक वातावरण प्राप्त होगा। यूपी सिडको के अधिशासी अभियंता जी0पी0 सिंह ने बताया कि 2475.65 लाख रुपए की धनराशि से विद्यालय का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय में मुख्य भवन के साथ ही दो डोरमैट्री ब्लॉक (तीन मंजिल), किचिन एवं डायनिंग ब्लॉक, प्राचार्य आवास, आठ टाइप-थ्री आवास, 12 टाइप-टू एवं टाइप-वन आवास, 578 वर्गमीटर चाहरदीवारी, पंप हाउस सहित 100 किलोलीटर क्षमता का ओवरहैड टैंक, गार्ड रूम एवं जैनरेटर रूम का निर्माण अगस्त 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष चार किश्तों में 2351.88 लाख रुपए की धनराशि अवमुक्त की गई है जिसके सापेक्ष 1609.96 लाख रुपए की धनराशि का व्यय कर 68 प्रतिशत वित्तीय प्रगति अर्जित की गई। उन्होंने बताया कि मुख्य भवन में मल्टीपरपज हॉल को छोड़कर भूतल, प्रथम तल की चिनाई व प्लास्टर कार्य पूर्ण है जबकि फर्श व पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। डोरमैट्री ए में चिनाई प्लास्टर कार्य पूर्ण और फर्श व पेंटिंग का कार्य प्रगति पर है। डोरमैट्री बी में भूतल, प्रथम तल चिनाई छत ढ़लाई का कार्य पूर्ण आन्तरिक प्लास्टर कार्य प्रगति पर है। डायनिंग किचिन में ब्रिक वर्क एवं प्लिंथ लेबिल तक पूर्ण है। टाइप-टू आवास में भूतल पर छत ढ़लाई का कार्य पूर्ण जबकि प्रथम तल पर चिनाई का कार्य प्रगति पर है। मा0 मंत्री जी ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात मंत्री ने आगरा रोड मुकुन्दपुर स्थित आईएएस-पीसीएस

### 100 शैय्या युक्त राजकीय बालिका छात्रावास

कोचिंग सेंटर में प्रशासनिक भवन एवं छात्रावास में 172.63 लाख रुपए की धनराशि से कराए जा रहे मरम्मत एवं सुधारात्मक कार्यों का निरीक्षण के साथ ही कोचिंग सेंटर के संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकार के कोचिंग संस्थान जरूरतमंद, आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्रों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं, अतः इसकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने धीमी गति से संचालित कार्यों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि जून माह से नये सत्र का प्रारम्भ होना है। ऐसे में प्रत्येक दशा में सभी कार्यों को 20 मई तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। अध्यक्ष श्री सिंह ने अन्त में राजकीय बालिका छात्रावास सहनौल का दौरा किया। उन्होंने छात्रावास की स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन की गुणवत्ता एवं रहने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बालिकाओं को सुरक्षित, प्रेरणादायी एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि 170.25 लाख की धनराशि से दो मंजिला 100 शैय्या छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। आवंटित धनराशि में से 159 लाख का व्यय कर कार्य लगभग पूर्ण है।

## संपादकीय

# व्हाइट हाउस का घेराव

**अमरीका** में राष्ट्रपति आवास 'व्हाइट हाउस' का घेराव किया गया है। यह वाकई चौंका देने वाली, दुर्लभ घटना है। यह अमरीका में नागरिक आंदोलन की पराकाष्ठा है और राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तावादी रवैये का घोर विरोध है। वैसे अमरीका में ही प्रदर्शनकारियों ने 'कैपिटल भवन' (संसद) पर हमला बोल दिया था। उसके भीतर घुस कर जबरदस्त तोड़-फोड़ की थी। उस प्रकरण में ट्रंप को 'खलनायक' करार दिया गया था, क्योंकि वह विपक्ष में थे और जो बाइडेन देश के राष्ट्रपति थे। अब अमरीका के सभी 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं, लेकिन आंदोलन एक ही है, लिहाजा उसे '50501' नाम दिया गया है। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही अमरीका के राष्ट्रपति चुने गए। सिर्फ तीन माह में ही जनता का सामूहिक विरोध और मोहभंग के भाव स्पष्ट होने लगे हैं। बेशक यह आश्चर्यजनक है। इसके कई कारण हो सकते हैं। समझ नहीं आ रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस कार्यकाल के दौरान क्या करना और क्या हासिल करना चाहते हैं? उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन आदि अंतरराष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की 'आर्थिक मदद' पर पाबंदी लगा दी। यही नहीं, हार्वर्ड विश्वविद्यालय की 2.3 अरब डॉलर की फंडिंग पर विराम लगा दिया। दलील दी गई कि यह विश्वविद्यालय वामपंथी और विघटनकारी छात्रों की नस्लें तैयार कर रहा है। अमरीका ही नहीं, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा के निर्माण में इस शैक्षिक संस्थान का अमूल्य तथा अप्रतिम योगदान रहा है। शायद राष्ट्रपति ट्रंप को यह तथ्य ब्रीफ नहीं किया गया कि अमरीका के 16 राष्ट्रपति (ट्रंप नहीं) हार्वर्ड के ही छात्र थे और सबसे अधिक 161 नोबेल पुरस्कार विजेता भी इसी विश्वविद्यालय ने दिए हैं। सवाल अमरीकी राष्ट्रपति से किए जाते रहे हैं कि जिन्हें अमरीकी प्रशासन परंपरागत रूप से वित्तपोषित करता रहा है, उनकी आर्थिक मदद छीन कर क्या होगा? क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपने निर्णय पर प्रायश्चित करने की मुद्रा में हैं? कमोबेश कोई भी संगठन, संस्थान या यूनिवर्सिटी इस तरह बंद नहीं होते।

अचरज जताया जा रहा है कि ट्रंप ने जो 'टैरिफ नीति' घोषित की थी और साझा कारोबार करने वाले प्रमुख देशों पर कर का बोझ लाद दिया था, क्या उससे अमरीका में नई फैक्टरियां खुलेंगी अथवा अमरीका अधिक समृद्ध देश बनेगा और महंगाई, बेरोजगारी की समस्याएं कम होंगी? इसके अलावा, राष्ट्रपति के खास सलाहकार, दुनिया के सर्वोच्च उद्योगपति एलन मस्क ने जिस योजना के तहत सरकारी नौकरियां छीनने की कवायद की है, क्या उससे अमरीका में सामाजिक सुरक्षा मजबूत और व्यापक होगी? अमरीका नागरिक स्वतंत्रता, वैचारिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, लोकतंत्र, सामाजिक सुरक्षा सरीखे मूल्यों की बुनियाद पर टिका है। इन मूल्यों के लिए वहां कई सार्वजनिक संघर्ष किए गए हैं। अब प्रदर्शन के दौरान बैनर-पोस्टरों पर लिखा है-ट्रंप को अल सल्वाडोर की जेल में डिपोर्ट कर दिया जाए। राष्ट्रपति पर नागरिक स्वतंत्रता और कानून के शासन को कमजोर करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' के अलावा मस्क की 'टेस्ला कार' के शोरूम का भी घेराव किया जा रहा है। उनमें आगजनी की घटनाएं हुई हैं। आंदोलनकारी दलील दे रहे हैं कि हमारा मकसद ट्रंप प्रशासन के तहत बढ़ते सत्तावादी और तानाशाहीपूर्ण रवैये से लोकतंत्र को बचाना है। आंदोलन अहिंसक ही रहेगा। इन विरोध-प्रदर्शनों में कई राजनीतिक दल भी शामिल हैं, लिहाजा ट्रंप के लिए नागरिक और राजनीतिक चुनौतियां दोनों ही हैं। अमरीका और भारत के लोकतंत्र दुनिया के लिए उदाहरण माने जाते रहे हैं। भारत में ऐसी नौबत कभी नहीं आई कि राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री आवासों का ऐसा घेराव किया गया हो। हालांकि विरोधी पक्ष प्रधानमंत्री आवास और संसद भवन के घेराव के नारे जरूर लगाते हैं, लेकिन विरोध-प्रदर्शन 'जंतर-मंतर' तक ही सीमित कर दिए जाते हैं। इस बार राष्ट्रपति ट्रंप के फैसलों में एकाधिकारवाद ज्यादा झलक रहा है।

**विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस- 26 अप्रैल पर विशेष**

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीतः आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।



बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है, दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बड़ा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं।

आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बड़ा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है। डॉक्टर भी संगीत को सेहत के लिए फायदेमंद मानते हैं। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। इसीलिये संगीत एक बड़ी बौद्धिक सम्पदा है।

शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। इन संगीत प्रस्तुतियों से जुड़े कलाकार एवं संगीतकारों के लिये यह उनकी बौद्धिक सम्पदा है। यह दिन इन बौद्धिक संपदा से जुड़े अधिकारों के संरक्षण के महत्व को रेखांकित करता है, जो रचनाकारों और आविष्कारकों को उनके काम के लिए पुरस्कृत करने में मदद करता है एवं उनके उचित पारिश्रमिक को सुनिश्चित करता है। वैश्विक स्तर पर, युवा लोग नवाचार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, अपनी ऊर्जा और सरलता, अपनी जिज्ञासा और सरलता का उपयोग करके बेहतर भविष्य का मार्गदर्शन कर रहे हैं। नये विश्व के निर्माण में बौद्धिक सम्पदा की प्रभावी भूमिका है। तकनीकी विकास एवं आर्थिक प्रतिस्पर्धा के दौर में बौद्धिक सम्पदाओं को संरक्षित करते हुए बौद्धिक सम्पदाओं के रचनाकारों एवं मौलिक सृजनकर्ता के अधिकारों की रक्षा करना ही इस दिवस का ध्येय है और इसी में इस दिवस की सार्थकता है।

## 27 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

1911 विलियम पी। फ्राइ के इस्तीफे के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट में समझौता किया गया था कि संयुक्त राज्य के सीनेट के प्रमुख प्रो टेम्पोरेर के कार्यालय को घुमाया जाए।

1941 जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।

1941 बोरिस किदरी और एडवर्ड कारडेलज ने मुक्ति विरोधी फ्रंट ऑफ स्लोवेनियन नेशन की स्थापना की, जो कि प्रमुख फासीवादी स्लोवेनियाई नागरिक प्रतिरोध और राजनीतिक संगठन था।

1942अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोग मारे गये।

1961 अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिये पृथ्वी की कक्षा में 'एक्सप्लोरर 11' लांच किया।

1961 मिल्टन मारगाई ने यूनाइटेड किंगडम से देश की स्वतंत्रता पर सिएरा लियोन के पहले प्रधान मंत्री के रूप में पदभार संभाला।

1967 मॉन्ट्रियल में एक्सपो 67 दुनिया का मेला खोला गया, जिसमें 62 राष्ट्रों के साथ 50 मिलियन से अधिक आगंतुक शामिल हुए।

1990 मिशिगन में आयोजित 50 वें वार्षिक नाई की चौकड़ी गायन सम्मेलन।

1991 फायरस्टोन वर्ल्ड बॉलिंग टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस डेविड ओजियन द्वारा जीता गया था।

1993 ताशकर्गम में अफ़गन एंटोर एएन -32 को कुचलने से 76 लोग मारे गए।

1993 जाम्बिया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के सदस्यों को 1994 के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच सेनेगल में खेलने के लिए विमान दुर्घटना एन मार्ग में मार दिया गया था।

1994 राष्ट्रपति निनन को कैलिफोर्निया के निनोन लाइब्रेरी में दफनाया गया।

1997 लिटिल फॉक्स को विवियन ब्यूमोंट न्यूयॉर्क शहर में 56 प्रदर्शनों के लिए खोला गया था।

1999 यूनेस्को द्वारा एक कोरियाई लोक गायक के नाम पर एक नये पुरस्कार अरिरंग की घोषणा।

2005 टुलुज (फ्रांस) में एयरबस निर्मित दुनिया के सबसे बड़े विमान ए-380 ने पहली परीक्षण उड़ान भरी।

2005 दुनिया के सबसे बड़े यात्री विमान Airbus A380 ने टूलूज, फ्रांस से अपनी पहली उड़ान भरी।

2006 न्यूयॉर्क शहर में नए वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के लिए फ्रीडम टॉवर पर शुरू किया गया।

2008 मोरक्को की एक गद्दा फ़ैक्ट्री में आग लगने से 55 लोगों की मृत्यु।

2011 अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्म को लेकर हुए विवाद के बाद सार्वजनिक तौर पर जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति जारी की।

2011 अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 29 साल की ऊंचाई ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक पहुंच गई थी। बढ़ती ब्याज दरों की भविष्यवाणी की गई थी।

2012 यूक्रेन के दिनप्रोपेत्रोव्स्क में चार धमाकों में 27 मरे।

2012 ओसामा-बिन-लादेन का परिवार पाकिस्तान से सऊदी-अरब चला गया था।

2013 नई सरकार। इटली में इतालवी संसदीय चुनाव के 2 महीने बाद अंतिम रूप दिया गया था।

2014 जॉन XXII जॉन पॉल II का पोप फ्रांसिस द्वारा विहित किया गया था। पहली बार कैथोलिक चर्च द्वारा उसी समारोह में दो पूर्व पोपों को निर्वाचित किया गया।

2014 जॉर्ज क्लूनी और ब्रिटिश अटॉर्नी अमल अलामुद्दीन की सगाई की सूचना मिली थी।

## समसामयिक

# एक पुलिस अफ़सर का स्थानांतरण



डॉ. आर के पालीवाल
rkpaliwal1986@gmail.com


**शासकीय** सेवक का स्थानांतर एवं पद स्थापना का अधिकार तात्कालीन शासन-प्रशासन का होता है। वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में जिस ढंग से और तिकड़मों से मनचाही या महत्वपूर्ण पद स्थापनाएँ करायीं या किसी उद्देश्य से की जाती हैं, तब उनका और उनके कार्यकाल का हश्र क्या होता है, वह सर्व विदित है। इसलिए आमजनता- कोई हो अफ़सर हमें का फ़ायदा जैसी मानसिकता में रहती है! क्योंकि सामान्यतया उसके सामने जो होता है, वह भगवान सबका भला करे, परन्तु सबसे पहले मेरा और 'साहब' की भला सर्वोपरि रख कर ही होता है! लेकिन कभी-कभी किसी अधिकारी के सामने ऐसी स्थिति आ जाती है कि उसे अंतरात्मा की आवाज़ पर जन एवं राष्ट्रहित में निर्णय लेना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि बाक़ी समय ये शासकीय सेवक इस भावना से काम नहीं करते, बल्कि अधिकांश लोग इसी जज़्बे से काम करते हैं, तभी यह व्यवस्था चल रही है, वरना ठप्प नज़र आये। उस स्थिति की कल्पना कोई राजनेता या मुखिया कभी सपने में भी नहीं कर सकता! इसीलिए कल ही माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा है-"अधिकारियों के काम पर सबकी निगाहें हैं!" क्योंकि प्रजातंत्र में कार्यपालिका पर ही राज्य व्यवस्था की सारी दारोमदार होती है। विडंबना यह है कि कहा जो जाता है, होता उसके विपरीत दिखता है...!

भले ही उसमें विपक्ष का हाथ हो! राजनीति में सब जायज़ है। उदाहरणार्थ कुछ दिनों पहले म. प्र. के गुना नगर में दो समुदायों के बीच तथाकथित दंगा हुआ, अफवाहबाजों ने उसे सांप्रदायिक रूप देने की भरसक कोशिश की, परन्तु शासन-प्रशासन की सजगता, मुस्तैदी एवं नेकनीयती से विघ्नसंतोषी तत्त्वों के मंसूबे धराशायी हो गये। क्योंकि हर क्षेत्र की सामाजिक एवं राजनीतिक संवेदनाओं को लेकर अपनी एक विशिष्ठ तासीर होती है! जैसे प्रकृति एवं पर्यावरण में 'ईको सिस्टम' होता है! सौभाग्य से कुछ वैसी ही सर्वधर्म समभाव एवं भाईचारे की कैमिस्ट्री गुना में बरसों से चली आ रही है। क्योंकि वहाँ के राजनेताओं, व्यावसायियों एवं बुद्धजनों ने व्यक्तिगत राजनीति से उठकर एक सकारात्मक सोच की परंपरा बना रखी है! यह जिला आज़ादी के पहले और बाद में आजतक 'राजा' और 'महाराजा' के अधीन ही रहा है। अतः सामंतशाही मानसिकता वाले क्षेत्र में ऐसे विवाद उठने का प्रश्न ही नहीं उठता, क्योंकि राजा-महाराजाओं को जाति एवं मज़हब के नाम पर वोटों की राजनीति बहुत ज़्यादा नहीं करनी पड़ती। जनता दशकों से उनकी प्रजा बने रह कर उन्हें ही अपना माई-बाप समझती है। दिल्ली, म.प्र. में भले ही किसी की सरकार हो, परन्तु यहाँ की जनता के लिए तो राजा और महाराजा ही 'सरकार' होते रहे हैं! यहाँ दंगा होने की सवाल ही नहीं उठता! जो हुआ वह मात्र नूराकुश्ती थी, जिसका खेल प्रशासन ने समय पर समाप्त कर दिया।

शहर में तात्कालीन अल्पकालिक चिंतामय हलचल हुई, परन्तु पुलिस कप्तान को स्वयं डंडा बजाते सड़कों-गलियों में देखा तो पहली बार लगा कि पुलिस के हाथ में देश की क़ानून व्यवस्था आज भी सुरक्षित है। नतीजतन विघ्नसंतोषी तत्व अपना चेहरा छिपाते हुए दुबककर बैठ गये, और सज्जन लोग हिम्मत पाकर बाहर आकर प्रशासन की मदद करने लगे। फलस्वरूप नगर कुछ समय के अंदर ही सामान्य हो गया। जिसकी शहर ही नहीं दूर-दूर तक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं हुयीं। परन्तु जिनके मंसूबे पूरे नहीं हो सके, उनका तिलमिलाना स्वभाविक था...! कुछ दिन बाद ही संबंधित पुलिस कप्तान का स्थानांतरण कर दिया गया। विपक्ष भले ही इसे लेकर राजनीतिक उद्देश्य से मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करे, परन्तु यह सामान्य राजनीतिक चाल है! राजा के लिए सबको साधना ज़रूरी होता है! यदि दंगा बढ़ जाता तो भी पुलिस कप्तान पर यह कार्रवाई होनी थी। नहीं हुआ, नतीजतन जनता, प्रदेश और मुखिया के लिए बहुत अच्छा हुआ। परन्तु स्थानीय तथाकथित नेताओं एवं उनके सेवकों के रुतबे से अधिक यदि एक अफसर का रुतबा कायम हो जाये तो, यह आज की छद्म राजनीति में कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है? मात्र एक अधिकारी के स्थानांतरण से, यदि सब कुछ सामान्य हो रहा है, तो क्या बुराई है? जहाँ तक उन अधिकारी का प्रश्न है तो उस स्तर पर पहुँचने के बाद यह 'तलवार' तो उनके सामने हमेशा लटकी रहती है, परन्तु एक ऐसी पदस्थापना पर रह कर, यदि वे एक ऐसा उत्कृष्ट काम कर जाते हैं, तो वह 'परमानन्द' पाने से कम नहीं होगा...! जो बहुत कम लोगों को प्राप्त हो पाता है। साथ ही स्थानीय जनता की अमूल्य शुभकामनाएं एवं श्रद्धा जीवन भर काम आने वाली हैं! गुना के एक नागरिक के नाते में भी अपनी शुभेच्छाएँ प्रेषित करता हूँ

# डॉ. कस्तूरीरंगन भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निर्माता एवँ अंतरिक्ष मे भारत की आत्मनिर्भरता के सूत्रधार

भारत के विकास की दिशा को निर्धारित करने वाले महान वैज्ञानिकों में डॉ. के. कस्तूरीरंगन (Dr. Krishnaswamy Kasturirangan) का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वे न केवल एक प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक हैं, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली के पुनरुत्थान में भी उनका योगदान अतुलनीय है। वर्ष 2020 में प्रस्तावित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के मुख्य वास्तुकार होने के नाते, उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था में दूरगामी बदलावों की नींव रखी। विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और शिक्षा क्षेत्र में उनका योगदान अद्वितीय है। हाल के वर्षों में वे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के मुख्य वास्तुकार के रूप में चर्चित हुए हैं।डॉ. के. कस्तूरीरंगन का जन्म 24 अक्टूबर 1940 को भारत के केरल राज्य में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चेन्नई से प्राप्त की और बाद में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरु से खगोल भौतिकी में डॉक्टरेट (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त की। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे और विज्ञान के प्रति उनकी गहरी रुचि ने उन्हें भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का प्रमुख स्तंभ बना दिया। 25 अप्रैल 2025 को उनका निधन देश और दुनिया के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) डॉ. कस्तूरीरंगन ने ISRO में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और अंततः वे इसके अध्यक्ष (Chairman) बने। अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारत के कई महत्वपूर्ण उपग्रह प्रक्षेपण अभियानों का नेतृत्व किया।उन्होंने भारत के दूरदर्शन संचार उपग्रह (INSAT) और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) कार्यक्रम को मजबूत आधार दिया। उनके नेतृत्व एवं उनके कार्यकाल में ही IRS (Indian Remote Sensing Satellite) श्रृंखला को बल मिला, जिसने भारत को पृथ्वी अवलोकन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। GSLV (Geosynchronous Satellite Launch Vehicle) की शुरुआत की गई।भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम आत्मनिर्भर बना और वैश्विक पहचान प्राप्त की। वे राज्यसभा के नामित सदस्य भी रहे, जहाँ उन्होंने विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अन्य संस्थान एवं कमेटियाँ भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) नीति आयोग की शिक्षा सलाहकार समिति UNESCO जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया।नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योगदान अतुलनीय है वे इसके वास्तविक शिल्पकार हैं।



समीर कौशिक

डॉ. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने 2017 से 2019 तक गहन विचार-विमर्श और 2 लाख से अधिक सुझावों के आधार पर नई शिक्षा नीति 2020 का प्रारूप तैयार किया। यह नीति 1986 की शिक्षा नीति के बाद पहला बड़ा बदलाव है।जिसके कुछ मुख्य बिंदु हैं जिनकी चर्चा उनके योगदान के रूप में आज अवश्य की जानी चाहिए शैक्षणिक ढाँचा के रूप में उन्होंने 10+2 प्रणाली की जगह 5+3+3+4 की संरचना (Foundational, Preparatory, Middle और Secondary चरण) जिससे बच्चों की उम्र और सीखने की क्षमता के अनुरूप शिक्षा मिले।



मूल्यांकन प्रणाली में सुधार हेतु रट्टा आधारित शिक्षा को हटाकर आलोचनात्मक सोच और बहु-आयामी मूल्यांकन पर जोर दिया।शिक्षा के माध्यम का विकल्प प्राथमिक शिक्षा में स्थानीय भाषा/मातृभाषा को माध्यम बनाने की सिफारिश, जिससे बच्चों की बौद्धिक नींव मजबूत हो।उच्च शिक्षा में सुधार हेतु सिंगल रेगुलेटरः UGC, AICTE आदि का एकीकरण।4 साल का स्नातक कार्यक्रम लागू किया गया, जिसमें बहुविकल्पीय प्रवेश और निकास व्यवस्था है।Multidisciplinary Institutions का विकास।समावेशी, लचीली और बहु-विषयक उच्च शिक्षा प्रणाली की स्थापना।National Research Foundation (NRF) की स्थापना।विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने की अनुमति देने का प्रावधान।सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को एक नियामक संस्था के अंतर्गत लाने की बात की गई – ₹राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग (HECI)₹प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा National Educational Technology Forum (NETF) का गठन। ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा।राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र (PARAKH) की स्थापना का सुझाव, जो मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक सार्थक और व्यावहारिक बनाएगा।शिक्षकों का प्रशिक्षण, तकनीकी नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा।डॉ कस्तूरीरंगन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय शिक्षा नीति का NEP 2020 का क्रियान्वयन चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें मिलकर नई पाठ्यक्रम संरचनाएं लागू कर रही हैं। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, बहुभाषी ई-सामग्री, और शिक्षक प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक शिक्षा केंद्रों में रूपांतरित करने की प्रक्रिया भी आरंभ है।डॉ. कस्तूरीरंगन एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम से लेकर शिक्षा नीति तक, हर क्षेत्र में दूरदर्शी नेतृत्व दिया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उनकी सोच, दूरदृष्टि और भारत के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह नीति भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह नीति न केवल शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की कोशिश करती है, बल्कि देश की सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को भी दूर करने का प्रयास करती है। यदि यह अपने वास्तविक स्वरूप में लागू हो जाए तो यह भारत की भावी पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है। इसका उद्देश्य समावेशी और समान अवसर प्रदान करना। 21वीं सदी की कौशल और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप शिक्षा देना। भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाना है।यही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जनक डॉ. कस्तूरीरंगन जी को हमारी वास्तविक श्रद्धांजलि भी होगी।

## खबरें फटाफट

### कानपुर में दोस्तों पर होटल से गिराकर छात्र की हत्या का आरोप, जांच शुरू




शिवा गौतम, मृतक

कानपुर। एक छात्रा के होटल से गिरकर हुई मौत के मामले में उसकी हत्या का आप दोस्तों पर लगाया गया है ,जिसके लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना से छात्र के परिवार में कोहराम भी मचा हुआ है। घटना का संबंध हरबंस मोहाल थाना क्षेत्र स्थित द ड्रीम्स से है। प्राप्त विवरण के मुताबिक नौबस्ता थानाक्षेत्र के खाड़ेपुर के रहने वाले नरेंद्र कुमार गौतम का 22 साल का बेटा शिवा गौतम सहदेव प्रसाद महाविद्यालय रमईपुर में बीए का छात्र था। उनके परिवार में छोटा भाई अवनीश और मां मंजू देवी हैं। परिजनों के मुताबिक बेटा दो दोस्त उसे घर से लेकर होटल द ड्रीम्स इन ले गए थे। घटना की छानबीन में जुटी पुलिस को परिजनों ने बताया कि कि बेटे को शराब पिलाने के बाद उसे पहली मंजिल से फेंक दिया गया। होटल स्टॉफ ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां आज शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने दो दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है।

कानपुर के बिल्हौर में चौबेपुर के जगुवापुरवा गांव में एक विवाहिता ने शनिवार सुबह फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया

### जगुवापुरवा गांव में विवाहिता ने लगाई फांसी



कानपुर के बिल्हौर में चौबेपुर के जगुवापुरवा गांव में एक विवाहिता ने शनिवार सुबह फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। मृतका की पहचान रिचा के रूप में हुई। वह पेंटर सुधीर दुबे की पत्नी थी।

सुधीर और रिचा की शादी 2017 में हुई थी। दंपति की तीन बेटियां हैं। पति सुधीर के अनुसार, रिचा सुबह शौच से लौटने के बाद कमरे में गई। काफी देर तक बाहर न आने पर जब उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो रिचा छत के कुंडे से फांसी पर लटकी मिली।

सुधीर की चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फांसी से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाए। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों की तरफ से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी कैंप में जाकर अवश्य बनवाएं: जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा आज विकास खंड अकबरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय बारा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कैंप में ग्राम पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी के द्वारा किए जा रहे ई.केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री आईडी के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के क्रम में आ रही कठिनाई के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अन्य राजस्व ग्रामों में भी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य जारी है। पूरी प्रक्रिया में 2-3 मिनट का समय लगता है। उन्होंने सभी किसान बन्धुओं से अपील की, कि किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए अपने ग्राम सचिव से पूछ कर आयोजित कैंप में अवश्य भाग लें, ताकि अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी आसानी से बनवा सकें और इसके तहत मिलने वाले लाभ से लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री हेतु अंतिम तारीख 30 अप्रैल 2025 है, जिससे पहले समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो जानी चाहिए अन्यथा की दशा में समस्त सबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि गांव के व्यक्तियों को चिन्हित कर फोन कॉल के माध्यम से सूचित करें यदि आवश्यक हो तो स्थान चिन्हित कर फार्म रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित कर्मियों से फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने जाने के संबंध में भी विभिन्न निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम प्रधान संतोष कुमार गौतम को भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग दिए जाने हेतु निर्देशित किया।

इस मौके पर तहसीलदार सदर पवन कुमार, ग्राम सचिव बोस्की शर्मा सहित ग्राम प्रधान संतोष कुमार गौतम, अन्य कर्मचारी व कृषक उपस्थित रहे।

## सांसद सड़क सुरक्षा समिति / जनपद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर नगर सांसद अशोक रावत जी की अध्यक्षता में सांसद सड़क सुरक्षा समिति / जनपद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय विधायक श्री सुरेंद्रनाथ मैथानी(गोविंदनगर), माननीय विधायक सरोज कुरील (घाटमपुर) माननीय विधायक राहुल सोनकर (बिल्हौर) के अतिरिक्त जनपद के अन्य माननीय सांसद सदस्य एवं माननीय विधायकगणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समिति के सचिव/जिलाधिकारी कानपुर नगर श्री जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन सहित अन्य स्टेट होल्डर विभाग के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत "4-E" पर किए गए कार्यों पर विचार विमर्श किया गया एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आवश्यक प्रयास करने हेतु विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवीपुर मलासा में नवजात कन्याओं का मनाया गया कन्या जन्मोत्सव



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशानुसार आज दिनांक-26.04..2025 को जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवीपुर मलासा कानपुर देहात में 06 नवजात बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कन्या के प्रति सकारात्मक सोच रखने हेतु महिलाओं को फूल माला देकर सम्मानित किया गया साथ ही बेबी किट देकर बेटी के जन्म होने की बधाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक विकास कुमार द्वारा महिलाओं व पुरूषों को बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव न करने, बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करने, बालिकाओं को बालकों के समकक्ष समझा जाना तथा कन्या भ्रूण हत्या के प्रति जागरूक किया गया। हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन से जिला मिशन समन्वयक प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं जैसे उ0प्र0 मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा निधि यादव जेण्डर स्पेशलिस्ट द्वारा आपातकालीन सेवायें जैसे-181,1090,112,1098,1076, बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर स्पेशलिस्ट,स्वास्थ्य केन्द्र के डा0 अर्शी आजमी, डा0 अपर्णा सिंह, स्टाफ नर्स, कर्मचारी एवं बालिकाओं के माता-पिता आदि उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी भक्त परिवार समिति ने 9 वां महोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। आपको बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि श्री बालाजी भक्त परिवार समिति (पंजी.) के तत्वाधान में श्री बालाजी महाराज पटकापुर वाले महाराज का 9वाँ श्री बालाजी महोत्सव 27 अप्रैल 2025 दिन रविवार को बड़े ही धूम-धाम से नानाराव पार्क मॉल रोड में मनाया जा रहा है जिसकी प्रेस वार्ता का आयोजन आज शनिवार को किया गया। वही कार्यक्रम संयोजक महंत अनुभव पांडेय ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार, छप्पन भोग, इत्र पुष्प वर्षा, अदभुत चोला, नृत्य नाटिका, अखंड ज्योति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:15 से हो जाएगा जो प्रभु की इच्छा तक चलेगा इसके अलावा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला मंडल द्वारा महारास , नवीन म्यूजिकल कानपुर, गायकों द्वारा प्रभु के मनोरम भजन प्रस्तुत किए जाएंगे जिनमें प्रमुख रूप से भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी (जयपुर), भजन गायक अंशु पागल (लखनऊ), अभिषेक शुक्ला (कानपुर), मुकुल बंधु (कानपुर), देवा शुक्ला (कानपुर) सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित होंगे प्रेस वार्ता के अंत में कार्यक्रम संयोजक अनुभव पांडे ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहां की अब समय आ गया है कि आतंकवाद की सहायता, समर्थन और बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएं वही सभी दिवंगत पर्यटकों की आत्माओं को श्री बाला जी महाराज शांति प्रदान करें , साथ ही महंत अनुभव पांडेय ने कानपुर वासियों से निवेदन करते हुए कहा है कि सभी भक्तगण आए और श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद ले। वही इस पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम संयोजक महंत अनुभव पांडेय, मुन्ना गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ललित मिश्रा कोषाध्यक्ष , नीरज गुप्ता उपाध्यक्ष, आकाश शर्मा मंत्री, विनोद कश्यप मंत्री, सुरेश साहू सदस्य, अमित गुप्ता सदस्य, विकास शर्मा सदस्य, उत्कर्ष गुप्ता सोंटी, मनोज मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

फतेहपुर। जिले में शनिवार को दूध के पीपे से लदी पिकअप गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया और टक्कर मारने के बाद पिकअप सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों लोगों की मौत हो गई।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा रोड पावर हाउस के समीप आज दोपहर तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने सामने से आ रही बाइक में तेज टक्कर मार दिया और पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू (42) पुत्र शिव सिंह निवासी नौधी खेड़ा मदनपुर कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर व बाइक सवार श्याम प्रताप सिंह (38) पुत्र राम सजीवन सिंह गौर निवासी सठऊ पुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात की मौके पर मौत हो गई ।

## काली पट्टी बांधकर मुस्लिमों ने किया विरोध प्रदर्शन एवं मुल्क की हिफाजत के लिए मांगी दुआ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कुल हिंद जमी अतुल आवाम उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जुम्मे की नमाज के बाद मस्जिद एहसान उल मदरिस जदीद राजबी रोड नई सड़क में महामंत्री महबूब आलम खान के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर दहशतगर्दी के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही निहत्ते लोगों पर कायराना हमला कर दहशतगर्दों में मारे गए लोगों के घर वालों को सब्र ,घायलों कि जल्द स्वस्थ होने के लिए दुआ भी की गई इस मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे कुल हिंद जमीअतुल आवाम के महामंत्री महबूब आलम खान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दहशतगर्दी का कोई मजहब नहीं होता जो लोग दहशतगर्दी करते हैं वह हम में से नहीं है पहलगाम में हुए हमले की सख्त मजामत करते हैं उन्होंने यह भी कहा की मजहब ए इस्लाम कहता है की किसी निर्दोष इंसान का कत्ल करना पूरी इंसानियत का कत्ल करने के बराबर है इस घटना की साजिश रचने वालों को अल्लाह पाक से दुआ है इन्हें मिट्टी में मिला दे हमारे मुल्क हिंदुस्तान को बद नजरों की नजर से बचा देश में अमन शांति भाईचारा हर हाल में कायम रहे इसके लिए हम सबको हमेशा प्रयास करना होगा क्योंकि दुश्मन हमेशा हमारे मुल्क की तरक्की को नहीं पसंद करता है हम सब भारतीय एक हैं और एक होकर इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं जुमे की नमाज के बाद मस्जिद इमाम मुफ्ती रफी अहमद निजामी ने दुआ कराई उसके बाद फिर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया लोग आतंकवाद मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगाते नजर आए जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी

## महापौर, नगर निगम के पार्षद एवं कर्मचारी गुटो ने मोतीझील स्थित कारगिल पार्क के सामने पाकिस्तान का पुतला दहन किया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह




कानपुर। पहलगाम में हुए आंतकी हमले के विरोध में कानपुर महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय , नगर निगम के पार्षद एवं कर्मचारी गुटो ने मोतीझील स्थित कारगिल पार्क के सामने पाकिस्तान का पुतला दहन किया और मुर्दाबाद के नारे लगाये।

दो दिन पूर्व कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर आंतकियों ने हिन्दू व दो पर्यटको पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिसमें 28 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। इस आंतकी हमले से पूरे देश में रोष व्याप्त है। इसी रोष के चलते महापौर श्रीमती प्रमिला पाण्डेय के नेतृत्व में पार्षद नवीन पंडित, उ.प्र.संयुक्त चचालक संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी गुटो ने पाकिस्तान का पुतला दहन कर पाकिस्तान को खुली चुनौती देते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाये। पहलते पाकिस्तान के पुतले को लातनो से मारा गया ओर कुचला गया उसके बाद उसे आग के हवाले कर दिया गया। पुतला दहन के बाद महापौर प्रमिला पाण्डेय ने पत्रकारो को बताया कि इस तरह का कायराना हरकत आंतकियों की माफ नही की जायेगी। मोदी सरकार सख्त फैसले ले रही है और फिर भी पाकिस्तान नही माना तो हमारी सेना के जवान इस देश को ही नक्शे से मिटा देंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना को खुली छूट दे दी है कि किसी भी आंतकी को देखते ही गोली मार दी जाये। जब तक आंतकियों का खातमा नही होता है तब तक भार देश अब चुप बैठने ववाला नही है।

उ.प्र.संयुक्त चालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार व महामंत्री अखिलेश सिंह अपने कर्मचारियों के साथ अपने कार्यालय में पहलगाम में शहीद हुए लोगो के प्रति संवदेना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया और आतंकी हमले की निन्दा करते हुए उसे कायरतापूर्ण बताया। प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि हम सभी कर्मचारीगण सरकार से मांग करते है कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिले ताकि फिर से कोई ऐसी ओछी हरकत हमारे देश में न कर सके।

कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री रमाकान्त मिश्रा ने पुतला दहन के समय नारे लगाते समय हंसते हुए नजर आये। इस दुख की घडी में भी वह मुस्कुराते हुए नजर आये। इस तरह की कार्यशैली देख कर लोगो ने महामंत्री रमाकान्त पर अपना आक्रोश व्यक्त किया।


## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271


मेष - व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

वृष - कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

मिथुन- यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें।

कर्क - आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह - लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

कन्या - कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

तुला- समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृश्चिक - व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ढ्रुघचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

धनु - यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

मकर - मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कुम्भ - कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

मीन - परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा राजकीय कृषि बीज भण्डार मलासा का किया औचक निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर।कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उप कृषि निदेशक राम बचन राम एवं जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता द्वारा राजकीय कृषि बीज भण्डार मलासा, कानपुर देहात का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार सौरभ रावत, ए0टी0एम0 रामलखन एवं ए0टी0एम0 सुमित कुमार उपस्थित पाये गये। निरीक्षण में बीज भण्डार पर 14.82 कु0 ढैचा बीज उपलब्ध पाया गया। प्रभारी बीज भण्डार द्वारा अवगत कराया गया कि 0.18 कु0 कृषकों को वितरण किया गया है, जिसका सत्यापन पी0ओ0एस0 मशीन एवं लाभार्थी सूची से किया गया। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार को निर्देशित किया गया कि क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर, शत-प्रतिशत बीज को समय से वितरित कराना सुनिश्चित करें।

ग्राम गिरदी, विकास खंड - मलासा के कृषक अमित कुमार पुत्र स्व0 जगन्नाथ के खेत का निरीक्षण किया गया, जिनके द्वारा लगभग 0.25 हैक्टेयर में मूंगफली की खेती की जा रही है। श्री अमित द्वारा निशुल्क मूंगफली मिनीकिट 02 पैकेट (कुल 20 कि0ग्रा0) कृषि विभाग से निशुल्क प्राप्त किया गया है, उनके द्वारा लगभग 28 मार्च को फसल की बुवाई की गयी है, फसल निरीक्षण उपरान्त कृषक को खेत में शाम के समय हल्की सिंचाई करने का सुझाव दिया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त अमित कुमार द्वारा 04 बीघा में मूंग एवं 02 बीघा में उर्द की फसल की बुवाई गयी है, जिस हेतु उनके द्वारा कृषि विभाग से सामान्य वितरण में 50% अनुदान पर 10 किग्रा मूंग (आई0पी0एम0 409-4) एवं 03 किग्रा उर्द (आई0पी0यू0 13-2) प्रजाति का बीज लिया गया है। श्री अमित कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग द्वारा काले उर्द का बीज वितरित किया जाता है, जबकि किसानों द्वारा हरे उर्द की खेती अधिक की जाती है क्यों कि काले उर्द का बीज जहां केवल 6000 रू0 प्रति कुंतल बाजार भाव पर बिकता है वहीं हरे उर्द का विक्रय मूल्य लगभग दोगुना अर्थात 12000 से 13000 रू0 प्रति कु0 के बाजार भाव पर बिकता है, अतः कृषि विभाग द्वारा हरे उर्द का बीज वितरित किया जाये।

बैठक कर बनाई रणनीति

# एक मई को शिक्षक देंगे अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

## धरने को सफल बनाने के लिए एकजुट हो शिक्षक : संजय सिंह

**नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन**



मुंढापांडे। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मुंढापांडे जिसमें प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मुरादाबाद में होने वाले एक मई के धरने में संजय सिंह जिला कोषाध्यक्ष मुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मूंढापांडे ने भारी संख्या में पहुंचने की अपील की गई और कहा नामांकन पर दें विशेष ध्यान।

DBT उन बच्चों की करें जो रोज स्कूल जा रहा है। पीएफ एमएस पोर्टल से अंतिम समय में जो भुगतान अस्वीकृत हुए हैं। उनका भुगतान कराया गया ।विकासखंड कार्यालय में रखी आधार मशीन को चालू कराया जाये।

डॉ नीरज शर्मा ने विचार व्यक्त किये कि सरकार द्वारा रोज नये नये एप्स शिक्षकों पर लादे जा रहे हैं। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। सरकार को उन एप्स के संचालन के लिए कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त करने चाहिए। जिससे शिक्षक सुचारू रूप से शिक्षण कार्य कर सकें।

बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह डॉ नीरज शर्मा प्रदीप कुमार शर्मा ,हिमांशु वशिष्ठ, प्रतीक शर्मा, विनोद यादव ,सुरेंद्र सिंह, पंकज गुप्ता ,अश्विनी कुमार,सुभाष सागर, अरविंद कुमार ,पूरन लाल,मनोज यादव,दुर्गेश कुमार,र-ामवीर सिंह, सुधीर कुमार,राजवीर सिंह,विष्णु कुमार, राहुल कुमार,चंद्र प्रकाश,रेनू यादव,यश बाला ,खन्ना, शगुफ्ता, पुनम सकसेना, मनीषा ठाकुर,गीता रानी ,बबिता, इशरत बानो, फरजाना बेगम आदि उपस्थित रहे।

# मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सेल्फी प्वाइंट लगाकर लोगों को किया जागरूक

## जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थापित किए गए सेल्फी प्वाइंट

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**






मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना मझोला पुलिस द्वारा सेल्फी पॉईन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना गलशहीद पुलिस द्वारा सेल्फी पॉईन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। थाना भगतपुर पुलिस द्वारा सड़क किनारे फ्लैक्सी बोर्ड लगाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### देवर के खिलाफ लिखाया मारपीट ओर छेड़खानी का मुकदमा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

भोजपुर। गांव पीपलसाना निवासी विवाहिता ने देवर के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने, विरोध करने पर पति समेत मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव पीपलसाना निवासी विवाहिता ने कहा है कि 21 अप्रैल को पति खेत पर गए थे। दोपहर 11 बजे घर में अकेली कामकाज निपटा रही थी। देवर अजीम आया और अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर डंडे से पीटकर हाथ की हड्डी तोड़ दी। अचानक पति नसीम घर आये तो उन्हें भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क निर्माण कार्य होने से यातायात हुआ बंद

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

भोजपुर। शनिवार को रेलवे ने मुरादाबाद रामनगर काठगोदाम रेलवे ट्रैक पर सेहल अंडर पास पर टूटी पड़ी सड़क का निर्माण कार्य कराया। इसके लिए सिरसवां,सेहल, दादुपुर, ताजपुर रोड को पूर्ण रूप से यातायात के लिए बंद कर दिया गया। इससे राहगीरों को भारी परेशानियां का सामना करना पड़ा। दो पहिया वाहन सवार तो कच्चे रास्तों से होकर रेल ट्रैक को फांदकर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचे पर चार पहिया वाहन चालकों को वापस लौटकर वैकल्पिक रास्तों से होकर गुजरना पड़ा। बरसात के दिनों में सेहल अंडर पास में पानी जमा होने से सीमेंटेट सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। आने वाली बरसात में राहगीरों को परेशानियां से बचाने के लिए रेलवे ने सड़क का निर्माण कार्य कराया है। ताकि बरसात होने पर लोगों को आने जाने में परेशानियां न उठानी पड़ें।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं मिशन सुरक्षा एवं मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर दो पहिया,तीन पहिया,चार पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट लगाने,तीन सवारी बैठाकर न चलाने,सीट बैल्ट लगाकर वाहन चलाने व आमजन को एकत्रित कर यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। साथ ही आम जनता से गाड़ी धीमी गति से चलाने एवं घातक मोड पर गंतव्य धीमा करने की अपील।

### यूपी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में टॉपर बनी इरम नाज

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



भोजपुर। शुक्रवार को जैसे ही यू.पी. बोर्ड का रिजल्ट घोषित हुआ। कस्बे में गरीब की बेटी ने हाईस्कूल में टॉप करके नगर का नाम रोशन किया ।मौहल्ला नावपुर वार्ड नंबर दो निवासी इस्तेकार अहमद की बेटी इरम नाज ने हाईस्कूल की परीक्षा में 75.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार व नगर का नाम रोशन किया। और अपने गुरुजनों को इसका श्रेय दिया। साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा में पास होने वाले छात्र-छात्राओं में मुहम्मद अलीमुल रजा,कु अशमी परवीन, नाजिया,शाफिया, तूबा परवीन, शिफा, अश्वनी, संजना, वंशसिका आदि।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने अपने कार्यालय पर समस्त थानों के त्योहार रजिस्टर चेक किए



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा शनिवार को पुलिस कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के समस्त थानों के त्योहार रजिस्टर को चैक किया गया तथा रजिस्टर के रख-रखाव एवं अद्यावधिक किये जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# अवैध कब्जा हटाने गई राजस्व की टीम वापस लौटी

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

भोजपुर। नगर पंचायत में पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड पर सड़क के किनारे करोड़ों रुपए कीमत के तालाब पर स्थानीय ग्रामीण ने रातों रात मिट्टी का भराव कर टीन शेड डालकर कब्जा कर लिया। डीएम ने तालाब पर कब्जा किया जाने को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग और नगर पंचायत को मौके पर पहुंचकर कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

शनिवार को थाने में लगे सामाधान दिवस में भी ग्रामीणों ने तालाब से अतिक्रमण हटाने की मांग की। लेखपाल हरिराज सिंह, राजस्व निरीक्षक युनूस अली ने पुलिस बल को साथ लेकर खसरा संख्या 829 की पैमाइश की तो कई सौ मीटर तालाब की भूमि पर पड़ोसी का टीन शेड पड़ा मिला। कब्जा हटाने के लिए राजस्व विभाग और पुलिस ने नगर पंचायत से जेसीबी मशीन उपलब्ध कराने को कहा।

उन्होंने मशीन खराब होने बात कही। इस पर राजस्व विभाग ने कब्जाधारी और नगर पंचायत को बिना अनुमति के तालाब पर निर्माण कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह अप्रैल से 15 दिनों के अवकाश पर हैं। उनके मई महीने में ड्यूटी पर आने की संभावना है। इसी का फायदा कब्जाधारी ने रातों रात तालाब पाटकर उस पर टीन शेड डालकर कब्जा कर लिया।

# भाजपा ने डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान चलाकर लोगो से किया जनसंपर्क



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे डॉ भीमराव अंबेडकर जी सम्मान अभियान के अंतर्गत शनिवार को मुरादाबाद महानगर भाजपा के चन्द्रनगर मंडल में वार्ड एक शाहपुर तिगरी में शक्ति केंद्र पैरा की मिलक में अनुसूचित वर्ग के प्रबुद्ध जन मुरारी लाल के आवास पर पहुँचकर शहर विधायक रितेश गुप्ता ने पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात कर राज्य सरकार व केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जानकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक तथा लाभार्थियों तक पहुंचाने की बात कही।

# वांछित चल रहे 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



छजलैट। वादी कृपाल सिहं पुत्र स्व0 प्रेम सिंह निवासी काजीपुरा थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर व लाठी-डण्डो से लैस होकर वादी के भतीजे निखिल कुमार के साथ रुपए के लेन-देन को लेकर मारपीट कर हत्या कर देने व धमकी देने के संबंध में थाना छजलैट पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

थाना छजलैट पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में चार आरोपीगण को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मुकदमा उपरोक्त में आरोपी अनिल कुमार लगातार फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था । शुक्रवार को थाना छजलैट पुलिस तथा एसओजी टीम को उपरोक्त शातिर ईनामी अभियुक्त के थाना छजलैट क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर आरोपी अनिल को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम को अपनी और आते देख आरोपी अनिल द्वारा अवैध असलाह से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में आरोपी अनिल के दाहिने पैर में गोली लगी तथा पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस के साथ आरोपी अनिल को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया तथा आरोपी अनिल को अस्पताल ईलाज हेतु ले जाया गया।

### बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

*मुरादाबाद। वादी निवासी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत किया गया। शनिवार को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त बाबू पुत्र छोटे निवासी ग्राम गोट थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।*

# कैंडल मार्च निकालकर दी विनम्र श्रद्धांजलि, कहा-आंतकवाद का कोई धर्म नही



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। पहलगाम मे आतंकवादियों द्वारा शहीद हुए 28 निर्दोष लोगो को मुरादाबाद कांग्रेस के समस्त नेताओं एंव कार्यकताओं ने सैंकड़ो की संख्या मे उपस्थित होकर कैंडिल मार्च निकालकर एंव कम्पनी बाग गांधी मूर्ति स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद के पदाधिकारियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकवादियों द्वारा की गई पर्यटकों की हत्या के विरोध में आतंकवाद के खिलाफ महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया और हमले में शहीद हुए भारत मां के वीर सपूतों को कैंडल मार्च निकालकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण कार्यशाला कर टीम वर्क,क्वालिटी एजुकेशन,खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने पर शिक्षकों के साथ की चर्चा

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



भोजपुर। शनिवार को खंड शिक्षाधिकारी ने अपने परिवार समस्त शिक्षकों,शिक्षा-मित्र,अनुदेशकों के साथ अपने जन्मदिन के अवसर पर लवली मैरिज हाल भोजपुर के प्रांगण में परिवार को एक सूत्र में बाँधने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्यशाला की जिसमें टीम वर्क करके क्वालिटी एजुकेशन, खेलों में अच्छा प्रदर्शन, राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में बच्चों की तैयारी इत्यादि पर चर्चा की और समस्त परिवार को संबोधित करके प्रेरणा दी। इस दौरान बीईओ मनोज, डॉ रईस आलम, शमीम बेग, मौ0 तकी, अशरफ पाशा, पंकज शर्मा, अनिल गिल, शाज़िया अहसन, हिमांशु शर्मा, सुरेंद्र सिंह, लईक सैफी,अनिरुद्ध प्रताप, दीपक कुमार आदि। विधालय में प्रधानाध्यापक हर पाक्षिक में सभी स्टाफ की बैठक ले। बैठक में सभी शिक्षिका, शिक्षक,अनुदेशक, शिक्षामित्र, रटउ अध्यक्ष आदि को शामिल करें। सभी से विधालय को बेहतर बनाने के लिए सुझाव ले और उस पर अमल करें। प्रधानाध्यापक कोई भी छोटे से छोटा कार्य करें, वह सभी की सहमति से करें। सभी निर्णय पारदर्शिता और सभी की सहमति से ले। विधालय में प्रधानाध्यापक टीम लीडर और कक्षा में अध्यापक टीम लीडर के रूप में काम करें। टीम लीडर अपनी टीम से सलाह ले और अमल करें। किसी भी कार्य की सफलता का श्रेय अपनी टीम को दे और असफलता की जिम्मेदारी टीम लीडर खुद ले। विधालय की उपस्थिति 100% करें। इसके लिए जुनून की हद तक अभिभावक से संपर्क करें। दिल से विधालय में रहिए। कक्षा में जाने से पहले आपको पता होना चाहिए कि आपको आज क्या और कैसे पढ़ाना है। जितना पढ़ायें वह सभी को अधिगम होना चाहिए। जिज्ञासु बने। आओ अंग्रेजी सीखें, कार्यक्रम के 62 एपिसोड बच्चों को दिखाये ।कक्षा तीन से कक्षा आठ तक रोज सुलेख। अच्छा श्रोता बनिए ,बच्चों को प्रश्नो के उत्तर शिक्षक नहीं लिखवाये अपितु बच्चों को खुद अपनी भाषा में लिखने को प्रोत्साहित करे। आपके कार्य में दीवानगी और पढ़ाने के लिए जुनून होना चाहिए। बच्चों को श्रेय दे। क, ख,ग अर्थात कहानी, खेल और गीत की मदद लें। अपने पास नोटपैड जरूर रखें जिसमें समय समय पर मन में उठते विचार लिख सके जिससे उनको अमल में ला सके। डल्ल’ल्ली/ङ्मा ,’ल्ली मीटिंग के समय सभी के पास महत्वपूर्ण बातें नोट करने के लिए कापी और पेन जरूर रखें।

# केजीएमयू में अवैध अतिक्रमण हटाने पर बवाल

## डॉक्टर घायल, हड़ताल की चेतावनी, माहौल तनावपूर्ण, मौके पर पुलिसबल तैनात

» राम आशीष गोस्वामी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में शनिवार को उस समय बवाल मच गया जब अवैध दुकानों को हटाने पहुंचा प्रशासन विरोध का सामना करने लगा। विरोध कर रहे अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया, जिसमें एक डॉक्टर घायल हो गया। केजीएमयू प्रशासन के अनुसार, बवालियों ने एक डॉक्टर को पकड़ भी लिया था, जिससे चिकित्सा समुदाय में भारी नाराजगी है। केजीएमयू परिसर के नेत्र विभाग के पीछे लंबे समय से अवैध दवा, पान मसाला और अन्य दुकानों का संचालन हो रहा था। उसी क्षेत्र में एक मजार भी है। केजीएमयू प्रशासन ने इन दुकानों को हटाने के लिए कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन जब शनिवार को कार्रवाई शुरू हुई तो स्थानीय लोगों ने मजार हटाए जाने का दावा करते हुए मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश की। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई और हिंसक विरोध शुरू हो गया।





### डॉक्टर घायल, हड़ताल की चेतावनी

पथराव में घायल हुए डॉक्टर को तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। इस घटना से डॉक्टरों और कर्मचारियों में आक्रोश है। बड़ी संख्या में मेडिकल स्टाफ एकत्र हो गया और हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। फिलहाल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### संगठन का बयान और सियासी तकरार

इस घटना पर अखिल भारत हिंदू महासभा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा, अधर्म करने के लिए धर्म का चोला पहनकर एक वर्ग आतंक फैला रहा है। इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए छाती ठोक कर खड़ा होना पड़ेगा। महासभा ने घायल डॉक्टर के समर्थन में अस्पताल पहुंचने की घोषणा की है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना जहां कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल खड़े कर रही है, वहीं प्रशासन के सामने धार्मिक भावनाओं और अतिक्रमण के बीच संतुलन साधने की चुनौती भी खड़ी हो गई है।

# लखनऊ में प्रधानमंत्री रोजगार मेला: 250 युवाओं को नियुक्ति पत्र

## केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा टीम मोदी का हिस्सा बने नवचयनित युवा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में आयोजित 15वें प्रधानमंत्री रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 250 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा, रोजगार मेला केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में राष्ट्रीय संकल्प है। आज के युवा टीम मोदी का हिस्सा बन रहे हैं।

उन्होंने जनधन, आधार और मोबाइल (JAM) की त्रिवेणी को भारत की ताकत बताया, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।




इससे भ्रष्टाचार में कमी और पारदर्शिता में वृद्धि हुई है।

मंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं ने तकनीक, नवाचार और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विश्व स्तर पर नई पहचान बनाई है। उन्होंने देश की आर्थिक सुधारों, खासतौर पर इनकम टैक्स और जीएसटी जैसे कदमों को विकास यात्रा की रीढ़ बताया।

श्री सिंह ने नियुक्ति पत्र को एक दस्तावेज से कहीं अधिक, देश सेवा का अवसर बताते हुए युवाओं को निष्ठा, सेवा-भाव और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश के 140 करोड़ नागरिकों की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है।

### कई मंत्रालयों में नियुक्ति

नियुक्ति पाने वाले युवा अब गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, डाक विभाग, रेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में योगदान देंगे।

## संक्षिप्त समाचार



लखनऊ। मथुरा से भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की।

### मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीओ डूडा कार्यालय में मात्र एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित मिला, और शेष कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये तथा सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुपस्थित पाये गये। गत निरीक्षण में दिये गये निदेर्शों यथा-साफ-सफाई, नाम पट्टिका आदि का अनुपालन कुछ विभागों द्वारा किया गया है, परन्तु कुछ विभाग जैसे कि- लघु सिंचाई, पशुपालन, भूमि संरक्षण, सहकारिता, डूडा, अल्प संख्यक, युवा कल्याण विभाग एवं डीआरडीए आदि द्वारा नहीं किया गया।

कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने नाम/पद नाम/पटल के नाम सहित नाम पट्टिका लगायें तथा कार्यालय एवं आप-पास की साफ -सफाई हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया, तथा इसका अनुश्रवण करने हेतु नाजिर विकास भवन को जिम्मेदारी दी गयी। निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त, श्रम रोजगार/परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0 व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उद्योग बंधु, व्यापार बंधु तथा श्रम बन्धुओं की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो समाधान : डीएम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु व व्यापार बंधुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बंधु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत होते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद उसे बैंकों एवं अन्य अधिकारियों को अग्रसारित किया जाय। अग्रसारित होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी आवेदन अस्वीकृत न हो। सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया जाय।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं एवं व्यापार बन्धुओं व श्रम बन्धुओं की समस्याओं का समाधान समय से कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग व अन्य विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं के व्यापार में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करें।

# लखनऊ में आयोजित विशेष कार्यक्रम में आईएफएस अधिकारियों ने सराहा उत्तर प्रदेश कौशल मिशन का प्रयास

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा शुक्रवार को मिशन मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने की। इस अवसर पर भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के आठ अधिकारी, जो अपने मिड-कैरियर प्रशिक्षण के तहत उत्तर प्रदेश भ्रमण पर हैं, शामिल हुए।




कार्यक्रम में आईएफएस अधिकारियों को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने उन्हें प्रजेंटेशन के माध्यम से मिशन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी।

आईएफएस अधिकारियों और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई चर्चा में भविष्य की संभावनाओं और द्विपक्षीय सहयोग के रास्तों पर विचार हुआ। डॉ. हरिओम ने बताया कि प्रदेश में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण, रोजगार के नए अवसर और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने सभी अधिकारियों को मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण साहित्य भेंट किया, ताकि वे इसकी गहराई से समझ विकसित कर सकें। आईएफएस अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश में कौशल विकास के प्रयासों की सराहना की और इसे युवाओं के लिए परिवर्तनकारी कदम बताया।

# उत्तर प्रदेश फिर करेगा वैश्विक मंच पर धमाकेदार प्रदर्शन

## ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगा जीआई टैग उत्पादों का जलवा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश एक बार फिर देश-दुनिया के सामने अपनी आर्थिक ताकत, सांस्कृतिक विरासत और उद्यमशीलता की छवि को निखारने जा रहा है। तीसरा ग्रैंड मेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (वढक्ळर-2025) इस बार 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा।

इस मेगा इवेंट की खास बात यह है कि इसमें प्रदेश के 35 विभागों के नोडल अधिकारी, जिनमें मिशन डायरेक्टर, विशेष सचिव और आयुक्त स्तर के अधिकारी शामिल हैं, आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगे। 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस शो में 12 प्रमुख श्रेणियों के तहत 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार, निवेश, और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत करना है।




मुख्य आकर्षणः एमएसएमई सेक्टर 15,700 वर्ग मीटर क्षेत्र में अपनी विविधता और ताकत को प्रदर्शित करेगा।

12 श्रेणियांः इंडस्ट्री, कृषि, पर्यावरण, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, पर्यटन, परिवहन, ईवी, स्वास्थ्य, शिक्षा और वित्त।

जीआई टैग व ओडीओपी उत्पादों की खास प्रस्तुतिझ्रजैसे बनारसी साड़ी, आगरा का पेठा, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही का कालीन।

■ योगी सरकार के 35 विभाग के नोडल ऑफिसर संभालेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की कमान

### निवेश और रोजगार की नई संभावनाएं

ट्रेड शो के जरिए प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच देने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। हेल्थ, फूड प्रोसेसिंग, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि-प्रौद्योगिकी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में एमओयू भी संभावित हैं।

यह मेगा ट्रेड शो नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर को दुनिया के सामने पेश करेगा और राज्य को वैश्विक निवेश मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित न होने वाले विद्यालय के प्रबंधकों को जारी की गई नोटिस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी, अतः यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनपद के 30 विद्यालयों के प्रबंधकों को बैठक में प्रतिभाग करने के लिए पत्र जारी किया गया था, जिसमें कुछ विद्यालयों के प्रबंधकों ने बैठक में प्रतिभाग नहीं किया, जिसके लिए उनको नोटिस जारी की गई है। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के

■ जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को अपने विद्यालय के गाड़ियों का फिटनेस 10 मई, 2025 तक कराने के दिये निर्देश

सभी विद्यालयों के प्रबंध को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विद्यालयों के गाड़ियों का फिटनेस आगामी 10 मई, 2025 तक अनिवार्य रूप से करवा लें, अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम दिशा निदेशों के अनुपालन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देश दिए है कि संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया जाय, साथ ही वहां पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से कार्यवाही की जाय।

बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नियमों का पालन न करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय।जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही जैसे वाहनों में बैकलाइट, हैडलाईट एवं इण्डीकेटर, दो पहिया वाहनों में हैलमेट का प्रयोग, चार पाहिया वाहनों में सीट बेल्ट आदि का प्रयोग आवश्यक रूप से किए जाने के निर्देश दिए हैं।इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सीओ सदर शिल्पा वर्मा, ट्रैफिक स्पेक्टर, एक्सईएएन सीडी-2, एआरटीओ प्रशासन, एआरटीओ प्रवर्तन सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ में होटल वियाना पर छापा

## ओमान के 5 नागरिक बिना अनुमति ठहरे, होटल मालिक और मैनेजर पर केस दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

लखनऊ। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में लखनऊ पुलिस ने होटल और लॉज में गहन जांच अभियान शुरू किया है। बीट प्रभारी एसआई कंचन तिवारी, एसआई आनंद कुमार व दीपक कुमार यादव की टीम ने शुक्रवार देर शाम गोमती नगर स्थित होटल वियाना पर छापा मारा, जहां ओमान के पांच नागरिक मिले।

पुलिस जांच में सामने आया कि ओमान देश के पांच नागरिक 14 अप्रैल से होटल में रुके हुए थे। लेकिन न तो उनकी सूचना स्थानीय प्रशासन या पुलिस को दी गई, और न ही विदेशी नागरिकों के संबंध में फॉर्म ह्यसीह्न भरा गया। इससे होटल प्रबंधन की लापरवाही और कानून उल्लंघन उजागर हुआ।

होटल के रिसेप्शन पर मौजूद मैनेजर आदिल से जब रजिस्टर मांगा गया तो उसमें विदेशी नागरिकों की एंट्री तो थी, लेकिन उनके रहने के कारण, गतिविधियां और दस्तावेज अधूरे पाए गए।

पूछताछ में होटल मालिक गौरव कश्यप ने केवल पासपोर्ट दिखाया, लेकिन विदेशी मेहमानों के आने का उद्देश्य और अन्य जरूरी जानकारी नहीं दे सके। गौरव ने बताया कि यह लोग दिनभर बाहर रहते हैं और देर रात लौटते हैं।

पूर्वी क्षेत्र के डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि होटल मैनेजर और मालिक के खिलाफ बिना अनुमति विदेशी नागरिकों को रुकवाने और जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां भी इस पर नजर बनाए हुए हैं।

### क्या कर रहे हैं ये लोग लखनऊ में ?

पुलिस जांच में सामने आया कि ये विदेशी नागरिक हर सुबह होटल से निकलते हैं और देर शाम वापस लौटते हैं, लेकिन दिनभर वे कहां रहते हैं और क्या गतिविधियां करते हैं, इसकी किसी को जानकारी नहीं है। होटल के कर्मचारी भी उनकी दिनचर्या से अनजान हैं। इस मामले ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि ये नागरिक किस मकसद से भारत आए हैं और लखनऊ में उनकी मौजूदगी का असली कारण क्या है।

# आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

## आवास में अनियमितता की शिकायत पर आयुक्त ने बैठाई जांच उपनिदेशक पंचायत करेंगे जांच, 10 दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा। प्रधानमंत्री आवास का लाभ अनियमित ढंग से दिये जाने को लेकर आयुक्त को दिये गये शिकायती पत्र पर आयुक्त ने उप निदेशक पंचायत देवीपाटन मण्डल गोण्डा को जांच सौंपी है।

दरअसल मामला बहराइच की नानपारा तहसील के विकास खण्ड नवाबगंज के एक ग्राम शीतलगांव का है। यहां ग्राम के एक निवासी कुलदीप कुमार मिश्र पुत्र कैलाशनाथ ने आयुक्त को शिकायती पत्र देते हुए शिकायत की है कि आवास प्लस सूची के कमांक 25 पर आवास प्लस आईडी -140656216 पर दर्ज मीना देवी पत्नी राजाराम निवासी चौगोई के स्थान पर मीना देवी पत्नी बराती लाल निवासी सबुना को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है। उन्होंने आयुक्त से इस मामले की जाँच कराकर ग्राम प्रधान व सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने देवीपाटन मण्डल गोण्डा के उपनिदेशक पंचायत को निर्देश दिए हैं कि वह प्रार्थी के शिकायती प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित तथ्यों की स्वयं जॉच कर अभिलेखीय साक्ष्यों पर आधारित तथ्यात्मक जॉच आख्या दस दिवस में प्रस्तुत करें।

### आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सरकारी योजनाओं के लाभ देते समय पूरी पारदर्शिता बरती जाये। योजनाओं का लाभ केवल पात्र व्यक्ति को ही मिलना चाहिए।

किसी भी अपात्र को लाभ न मिलें, यदि किसी अधिकारी द्वारा पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न देकर अपात्र को लाभ दिया जाता है तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ लगातार जारी रहेगा अभियानः डीएम

## बिना अनुमति चल रहे वाहनों पर प्रशासन का शिकंजा, नवाबगंज, सरयू घाट और तरबगंज क्षेत्र में चली सघन जांच






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन व परिवहन पर सख्ती बरतते हुए शुक्रवार को जनपद में बड़े स्तर पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कई अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई गई।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर खनन अधिकारी अभय रंजन और यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान अंबेडकर चौराहे से नवाबगंज होते हुए सरयू घाट और तरबगंज, बेलसर तक निरीक्षण किया गया। नंदिनी नगर कॉलेज के सामने मिट्टी ढो रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया, जो बिना किसी वैध अनुमति और दस्तावेजों के परिवहन कर रही थी। वहीं, सरयू घाट चौकी पर बालू लदे एक ट्रक का ऑनलाइन चालान किया गया, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर रहा था।इसी अभियान में दो डम्पर भी पकड़े गए, जो अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे थे। इन वाहनों के पास न तो फिटनेस सर्टिफिकेट था, न ही टैक्स भुगतान और न ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र।

खनन अधिकारी की उपस्थिति में इन डम्परों को सरयू घाट चौकी पर निरुद्ध कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कब्जे में ले लिया गया।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना अनुमति संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे सतर्कता बरतते हुए राजस्व की क्षति और पर्यावरणीय नुकसान को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर फ्रॉड के शिकार अभियुक्त के कराए रुपये वापिस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना साइबर अपराध पुलिस ने साइबर ठगी में शिकार अभिषेक जैन के 42,000 रुपए वापस कराए। अभिषेक ने जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया है। शिकायतकर्ता अभिषेक जैन पुत्र आशीष कुमार जैन निवासी पुष्पा एन्क्लेव, स्टेशन रोड थाना टूण्डला, फिरोजाबाद ने थाना साइबर अपराध पर शिकायती पत्र दिया गया था कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा मेरे खाते से धनराशि काट ली गयी है। इसी क्रम में एसएसपी ने प्रभारी थाना साइबर क्राइम राजेश सिंह को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको व नोडल अधिकारियों को पत्राचार किया गया। जिसके क्रम में वादी की पुरी धनराशि 42,000 रुपये सकुशल वापस कराए गए। वादी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया है।

### टॉप-10 अभियुक्त परमाल सिंह अवैध पौनियाँ व कारतूस सहित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान थाना नसीरपुर के टॉप-10 अभियुक्त परमाल सिंह उर्फ परमाला को 01 अवैध पौनियाँ एवं जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना नसीरपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना नसीरपुर के टॉप-10 अभियुक्त परमाल सिंह उर्फ परमाला पुत्र सूरतराम निवासी ग्राम छैंछापुर थाना नसीरपुर को 01 अवैध देशी पौनियाँ एवं 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा। अभियुक्त पर पाँच मुकदमें दर्ज है।

### 4 मई को निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद की एक बैठक रामलीला मैदान स्थित भगवान परशुराम शिविर कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें शोभा यात्रा के संयोजक पंडित दिनेश वशिष्ठ तथा भगवान परशुराम शोभायात्रा के अध्यक्ष पंडित तरुण उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से बताया कि 4 मई को भगवान परशुराम की शोभायात्रा पूरे धूमधाम के साथ दोपहर 3:00 बजे राजा दाल मिल से प्रारंभ होकर नालबंद चौराहा, राधा कृष्ण मंदिर, गली बौहरान, छोटा चौराहा, सदर बाजार होते हुए जलेसर रोड, डाकखाना चौराहा होते हुए भगवान परशुराम शिविर रामलीला मैदान पर इसका समापन होगा।

### राजस्व विभाग की टीम ने हटवाया चकमार्ग से अवैध कब्जा



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/जसराना। अवैध रुप से चकमार्ग पर कब्जा करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार जसराना कानूनगो एवं लेखपाल के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी के माध्यम से चकमार्ग को कब्जे से मुक्त कराया गया। दोबारा कब्जा करने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी। तहसील जसराना के गांव सलेमपुर जसराना के मजरा नगला तुरसी निवासी सोवरन सिंह ने एसडीएम जसराना को शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में गांव के ही 12 लोगों पर अवैध रुप से चकमार्ग पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम पुष्पेंद्र सिंह ने तहसीलदार कृष्णराज की अध्यक्षता में कानूनगो लटूरी सिंह एवं लेखपाल रणजीत सिंह की टीम बनाई। टीम को मौके पर जाकर कार्रवाई कर अवैध रुप से कब्जा हटवाने का निर्देश दिया। टीम शनिवार को मौके पर पहुंचे। इस दौरान जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे को हटवाकर चकमार्ग पर मौजूद अवैध कब्जे को हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान लोगों की भीड़ लगी रही।

### पचोखरा में धूमधाम से निकली संविधान निर्माता की जयंती शोभायात्रा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला । जनपद के पचोखरा में शुक्रवार को भारतीय संविधान निमार्ता, भारत रत्न ,बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति शोभायात्रा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ गाजे बाजे से निकाली गई । इस दौरान जयंती शोभायात्रा का बसपा जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया । वहीं जयंती शोभायात्रा अध्यक्ष अजय पुष्कर व टीम ने मुख्य अतिथि का स्वाफा बांधकर ,माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह के साथ गौरव जाटव, सुधांशु, निशांत कुमार जयंती पचोखरा से शुरू होकर कई गांवों में जाकर लौट कर डॉ अंबेडकर पार्क पर समाप्त हुई । इस दौरान एक से बढ़कर एक सुंदर झाकियां आकर्षक का केंद्र रहीं । इस दौरान हजारों की संख्या में महिला ,पुरुष , लड़के, लड़कियां उपस्थित रहे । चारों तरफ जय भीम के नारे तथा गानों की गूंज होती नजर आई ।

# दिनदहाड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या, हंगामा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।





फिरोजाबाद। जनपद के टूण्डला नगर के ग्राम मोहम्मदाबाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व बसपा नेता की पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या होने के बाद गुस्साए परिजनों ने काफी देर हंगामा काटा। पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिरोजाबाद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की रंजिशन गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाहा के बेटे सूरज के मुताबिक उनके पिता सुबह 9:15 बजे घर से शेविंग करने के लिए घर से थोड़ी दूर पर स्थित सैलून पर गए थे। सैलून से बाहर निकलते वक्त लोगों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक पप्पू कुशवाहा के बेटे ने रिश्ते में चाचा के बेटों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूरज के मुताबिक सैलून के बराबर में स्थित टेंट हाउस में से दो लोग बाहर निकले और उन्होंने पहले गोली मारी और उसके बाद चाकू से गोद दिया। हत्या की सूचना मिलने के बाद टूंडला कोतवाली क्षेत्र का पुलिस फोर्स मौके पर पहुँची। घटना की गंभीरता को देखते हुए फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद एवं अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। आसपास के लोगों ने बताया की मोहम्मदाबाद बाजार में घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आसानी से हत्या करने वालों की पहचान कर सकेगी। फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के मुताबिक पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाहा की गोली मारने की हत्या की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंच कर परिजनों से पूछताछ के बाद पता चला है कि यह हत्या पुरानी रंजिश के तहत की गई है। परिजनों ने हत्या करने वालों के नाम भी बताए हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मृतक के शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल के नमूने लिए गए हैं। हत्या आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही उन्हें पकड़ा जाएगा।

## अंतरराज्यीय लूटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, लगी गोली



**तमंचा व चोरी का सामान बरामद**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अंतरराज्यीय लूटेरा व चोर साहिबे आलम उर्फ लाला को गिरफ्तार किया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मोटरसाइकिल, 01 गैस सिलेण्डर व 1500 रुपये बरामद हुए है। अपराध एवं अपराधियों की गिरफ़्तारी के क्रम में थाना रसूलपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक वांछित मोढ़ा पर छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने चैकिंग शुरू की। चैकिंग के दौरान अभियुक्त खुद को घिरता देखकर पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। जिसे घायल अवस्था में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। घायल की पहचान साहिबे आलम उर्फ लाला पुत्र गुड्डू कुरैशी निवासी गली नं0 7 तीस फुटा रोड़ थाना रसूलपुर के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी पर एक दर्जन मुकदमें दर्ज है।

## पहलगांव आतंकी हमले को लेकर सपा पदाधिकारियों ने निकाला कैंडल मार्च

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी द्वारा पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा कायरता पूर्ण किए गए हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही काली पट्टी बांधकर घटना पर विरोध दर्ज कराया गया। घटना की निंदा की गई और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष जनाब राजू जर्राह एवं महानगर सचिव हिमालय यादव के संयोजन में बस स्टैंड से गांधी पार्क चौराहे तक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली, शिकोहाबाद विधायक डा मुकेश वर्मा, जिला महासचिव मीना राजपूत, तन्मय गुप्ता, जनाब छुट्टन भाई, रघुराज सविता, सुमन देवी, सविता, मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान, राम सेवक यादव, डीपी यादव, नरेश शंखवार, इंद्रावती यादव, ममता जैन, संजय यादव, उमा शंकर यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाई को बचाने आई युवती ने लगाया छेडछाड़ करने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही नौ लोगों पर घर घुसकर भाई की पिटाई लगाने एवं बचाने पर छेडखानी करने का आरोप लगाया है। पीडिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

थाना जसराना के एक गांव निवासी युवती का भाई एवं उसका साढ़ू एक दावत में गए थे। देर रात लौटकर आ रहे थे। इसी दौरान गांव के ही नौ लोग आ गए। लोगों ने मिलकर पहले साढ़ू की उसके घर में घुसकर पिटाई लगा दी। और बाद में युवती के घर में घुस आए। आरोपियों ने युवती के भाई को पीटना शुरू कर दिया तो युवती एवं उसकी मां ने युवक को बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान दो आरोपियों ने युवती के साथ छेडखानी करना शुरू कर दिया। इस दौरान पीडिता ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। चीख पुकार मचने पर अन्य लोग भी आ गए। लोगों के आने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीडिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया मामले की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर कोई मामला है तो तहरीर मिलने पर जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

## नारायणी पब्लिक स्कूल में हुआ विद्यारंभ संस्कार समारोह

नेशनल एक्सप्रेस तहसील रिपोर्टर ।




शिकोहाबाद । एटा रोड स्थित नारायणी पब्लिक स्कूल में वार्षिक विद्यारंभ संस्कार समारोह तथा ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। इसके बाद विद्यारंभ संस्कार समारोह में पहली बार स्कूल आ रहे बच्चों को परंपरागत तिलक कर चावल और रोली पर पहला अक्षर ओम ( ॐ ) उनके दादा दादी अथवा नानी नानी के साथ लिखवाया गया । वहीं ग्रैंड पेरेंट्स डे पर दादा दादी / नानी नानी के लिए बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति दी और साथ में ही उनके साथ जुड़ाव के लिए कुछ एक्टिविटी गेम्स भी खेले गए । इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों में काफी उत्साह भी नजर आ रहा था। इसके साथ ही बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर मौजूद अभिभावकों ने ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया । इस मौके पर संजीव शाह ने कहा कि ये छोटे छोटे बच्चे देश का भविष्य हैं। आज इनकी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध किया है । स्कूल परिसर में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम किया जा रहा है ।

इस मौके पर संजीव शाह, सी ए राजीव शाह, रजत शाह एडवोकेट, मुदित शाह, प्रधानाचार्या तरन्नुम जाहिदी, ऋचा कुलश्रेष्ठ, प्रत्यूष शर्मा , रूचि जैन, मोनिका शर्मा, स्वाती अग्रवाल, हुमा खान, देवांग अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे ।

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में तीन वाहन आपस में टकराए एक की हुई मौत

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर



शिकोहाबाद । नेशनल हाईवे शिकोहाबाद पर बाइक सबार को बचाने के चक्कर में तीन वाहन आपस में टकरा गये इस आपसी टक्कर में एक की मौत हो गई और चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये सभी घायलों को हास्पीटल में भर्ती कराया गया है आपको बतादें कि दो बजे के करीब एक लोडर मैजिक आटा और मैदा लेकर सिरसागंज की ओर से शिकोहाबाद जा रही थी उसके पीछे एक डीसीएम चल रही थी डीसीएम के पीछे ट्रक चल रहा था तीनों वाहन अपनी रफ्तार से चल रहे थे लोडर मैजिक को शिकोहाबाद के मुहल्ला खेड़ा जाना था वह जैसे ही प्रतापपुर चौराहे पर ओबरब्रिज से नीचे उतर रहा था उसी समय रोंग साइड से बाइक सवार ने आगे निकलने की कोशिश की वैसे ही बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आटा से लदी लोडर ने अपनी रफ्तार कम की बैसे ही पीछे से आ रही डीसीएम ने लोडर में टक्कर मार दी लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही तेज रफ्तार ट्रक ने डीसीएम में टक्कर मार दी इन तीनों बाहनों की टक्कर में बाइक सबार युवक लोडर मैजिक के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक और घायलों को हास्पीटल भेज दिया है ।

### शातिर अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। अरांव पुलिस ने चैकिंग के दौरान वांछित को एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा व 3300 रुपये सहित गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना अरांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो बन्द मकानो से हुई चोरी की घटना से सम्बन्धित शातिर अभियुक्त भूदेव राजपूत पुत्र स्व0 सेवाराम निवासी ग्राम बोथरी थाना अरांव को एक चोरी की मोटर साइकिल, एक अवैध तमंचा व कारतूस और 3300 रुपए सहित बम्बा पटरी से बोथरी की तरफ थाना क्षेत्र अरांव से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर एक दर्जन मुकदमें दर्ज है।


### कार्यालयः ग्राम पंचायत सरायनूर महल विकास खण्ड (टूण्डला)।

पत्रांकः मी0मो0 /पं0–7 /निविदा/2024–25 दिनांक–26.04.2025

ग्राम पंचायत सरायनूर महल विकास खण्ड टूण्डला फिरोजाबाद में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत से बर्ष 2024–25 में इण्टरलॉकिंग निर्माण कराया जाना है। दिनांक 27.04.2025 को निविदा सूचना आमन्त्रित की गयी है। जो दिनांक 05.05.2025 को दोपहर 03 बजे निविदाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी इच्छुक निविदाता/फर्म विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा पूर्ण निविदा प्रपत्र 02 प्रतिशत धनराशि की एफ0डी0आर0 जो ग्राम पंचायत सरायनूर महल के नाम से बन्धक हों,संलग्न कर ग्राम पंचायत सरायनूर महल कार्यालय में जमा कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राक्कलन की समग्री धनराशि के अनुसार | धरोहर राशि 02 प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | सरायनूर महल में सिलेटी के घर से राकेश यादव के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 5.68 लाख | 02 प्रतिशत |
| 2 | सरायनूर महल में सुरेश यादव के घर से उम्मेद के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 5.61 लाख | 02 प्रतिशत |

नोटः– सामग्री की आपूर्ति आवश्यकता के अनुसार घट या बढ सकती है। जो निविदा स्वीकृति होने पर मान्य की जायेगी।

**निविदा की शर्तेः–**

1.आपूर्ति कर्ता फर्म लोक निर्माण विभाग/ग्रा0अ0विभाग/लघुसिचाई विभाग/जिला पंचायत में पंजीकरण होना चाहिये तथा निविदा पत्र जी0एस0टी0 का पजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य

2. निविदा प्रप्त्र के साथ 02 प्रतिशत जमानत धनराशि का बैंक ड्रापट/एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य है। कार्य आदेश मिलने से पूर्व 02 प्रतिशत धनराशि कार्य आदेश जारी होने वाली फर्म को जमा करना अनिर्वाय होगा।

3.निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2025 से 05.05.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से मुल्य 200 रू0 भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा पूर्ण प्रपत्रों के साथ 05.05.2025 को दोपहर 02 बजे तक मुहर बन्द लिफाफे के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। तथा उसी दिन साय 04 बजे सभी निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष खोले जायेगें।

4. निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भाडा/मजदूरी एवं लोडिंग अनलोडिंग चार्ज देय नही होगा।

5–01 माह में कार्य पूर्ण कर मापन कराकर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

6 .धरोहर धनराशि स्वीकृति निविदा की कार्य पूर्ण होने के उपरान्त 06 माह तक जमा रहेगी उसके पश्चात ही धरोहर धनराशि वापस की जायेगी।

7 .आपूर्ति सामग्री की मात्रा आपूर्ति आदेश से कम अथवा अधिक होने तथा विना कारण बताये निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा।

8.किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र फिरोजाबाद होगा तथा 03 टेन्डर से कम प्राप्त होने निविदा स्वतः ही समाप्त कर दी जायेगी

प्रधान
ग्राम पंचायत सरायनूर महल

सचिव
ग्राम पंचायत सरायनूर महल


## टूंडला में भव्यता के साथ हुआ भीम दरबार का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



टूंडला । जनपद के टूंडला में शुक्रवार को भीम दरबार का भव्यता के साथ आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहब के कार्यक्रम देर रात्रि चले और लोग बाबा साहब के गानों पर झूमते नजर आए ।

टूंडला में भव्य शोभायात्रा के बाद शुक्रवार को लाइनपार में भीम दरबार का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन महिला शक्ति स्वदेश देवी प्रधान के रूप में ने किया । वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एकता सिंह ने बाबा साहब के कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि आज मैं महिला होकर जो इस मंच पर सम्मान पा रही हूं या आज शान के साथ आपके सामने दहाड़ रही हूं यह सब बाबा साहब कि देन है । उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनने , संगठित होने और संघर्ष करने के मंत्र दिए थे और हम लोग बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही जीवन में सम्मान पा सकते हैं । इस दौरान मंच पर सोबरन सिंह संस्थापक, विपिन कुमार पत्रकार /प्रधान प्रतिनिधि , लाखन सिंह वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता , डॉ बी एस गौतम, गौरव जाटव पूर्व जयंती अध्यक्ष, निशांत कुमार, मो. साहिद, सुधांशु मित्रा, जंडेल सिंह संयोजक , इंजी. नरेंद्र सिंह ,मुकेश जाटव,वीरेंद्र कुमार ,विवेक कुमार अध्यक्ष , पवन कपूर, अवधेश राणा, सुभाष बौद्ध, रामतीर्थ चक आदि मौजूद रहे वहीं मंच का सफल संचालन दिवाकर सिंह ने किया । कमेटी ने सभी लोगों का नीला पटका व माला पहना कर स्वागत किया । जिसके बाद बाबा साहब के गीतकारों ने बाबा साहब के जीवन पर आधारित गानों से सबका मन मोहने का काम किया । कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा । इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष,लड़के लड़कियां मौजूद रहे ।

## सफल करियर के निर्माण में परिवार की होती है महत्वपूर्ण भूमिका : सुमिती यादव

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



सिरसागंज। आईएएस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाली शिकोहाबाद तहसील के गांव करनपुर की बेटी सुमिती यादव की सफलता से पूरे परिवार और गांव में खुशी की लहर है। जनपद फिरोजाबाद के एक छोटे से गांव करनपुर में प्रहलाद सिंह यादव की सुपुत्री सुमिती के यूपीएससी जैसी परीक्षा उत्तीर्ण होने की खबर सुनकर शुभकामनाएं देने वालों का सुबह से ही बेटी के घर पर लोगों का तांता लगा गया। सुमिती ने अपनी माध्यमिक स्तर पर की। शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय आगरा से प्राप्त की तत्पश्चात उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की। सिरसागंज क्षेत्र के देवभूमि पब्लिक स्कूल में सुमिती यादव का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे परिजनों के मार्गदर्शन से मैंने यूपीएससी परीक्षा पास की है।

बच्चों के भविष्य के निर्माण में परिजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समिती यादव की मां आशा कार्यकारिणी है और उनके पिता एक साधारण किसान है। इस दौरान समिती के पिता पहलाद, माता सरोज , राजेश यादव (राजू,) श्यामेंद्र सिंह यादव , पूर्व नगर अध्यक्ष सरोज शर्मा, संजीव कुमार (लालू), लक्ष्मीकांत (भप्पी), शिवनंदन यादव (डॉजी), अमित यादव , अभिषेक यादव ,रिषभ यादव ,अर्पण यादव , अमित सिंह,आर्य आदित्य यादव आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने बिहार प्रदेश जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अधिवक्ता समागम का किया उद्घाटन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जदयू पार्टी कार्यालय स्थित कपूरी सभागार में बिहार जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अधिवक्ता समागम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोगों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं।बहुत खुशी की बात है कि हाल ही में जदयू विधि प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।मुझे पूरा विश्वास है कि विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता साथी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

आप सब न्याय के साथ विकास के सरकार के संकल्प को जमीन पर क्रियान्वित करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ पार्टी को जीत दिलाने में आप लोग अपना पूरा योगदान देंगे।आप सबसे आग्रह है कि पूरी ताकत से एकजुट होकर काम करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने समाज के सभी वर्गों एवं राज्य के सभी क्षेत्रों के विकास के लिये काम किया है। महिलाओं के उत्थान के लिये काफी कार्य किया गया है।

हम शुरू से एनडीए के साथ रहे हैं,बीच में हम उधर चले गये थे लेकिन अब कहीं नहीं जायेंगे,एनडीए के साथ ही रहेंगे।

हमलोग एनडीए के सभी साथी एकजुट होकर बिहार विधान सभा चुनाव लड़ेंगे।इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये आप सभी को धन्यवाद देता हूं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर तथा बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा,जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी,ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव,ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी,शिक्षा मंत्री सुनील कुमार,विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी,विधान पार्षद ललन सर्राफ,जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,पूर्व मंत्री श्याम रजक,जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आनंद कुमार सहित सभी जिलों से आये हुये बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सांसद मनोज तिवारी ने की सौजन्य भेंट

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**रायपुर(छत्तीसगढ़)।**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर श्री तिवारी का पारंपरिक शाल ओढ़ाकर तथा छत्तीसगढ़ की विशिष्ट बेलमेटल कला से निर्मित नंदी की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय और सांसद मनोज तिवारी के बीच छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक संस्कृति और राज्य में उभरते फिल्म उद्योग सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री तिवारी को राज्य सरकार द्वारा लोककला के संरक्षण,संवर्धन तथा फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।उन्होंने प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना की दिशा में उठाए जा रहे कदमों से भी अवगत कराया।सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और लोक धरोहरों को राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रेमी के साथ हत्यारिन पत्नी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना( बिहार ) ।औरंगाबाद जिले के बारूण थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है ।पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को टांगी से काट डाला ।जिसके बाद औरंगाबाद पुलिस ने मात्र 6 घंटे में हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया ।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी औरंगाबाद के आदेश पर डीएसपी सदर-वन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया ।पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए हत्या के मुख्य आरोपी विजय राम और मृतक की पत्नी कौशल्या देवी उर्फ लिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त सामग्री को भी पुलिस ने बरामद कर ली है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

## मोबाइल सहित कई सामान बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**




**पटना(बिहार)।** गया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है,जहां पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।इनके पास से पुलिस ने मोबाइल सहित कई दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

इस संबंध में सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बोधगया थाना क्षेत्र के मोचरिम गांव में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोग ठगी करने का कार्य कर रहे हैं,जिसके बाद एक टीम का गठन किया गया।

उक्त टीम के द्वारा मोचरिम गांव में एक किराए के मकान में छापामारी की गई, जहां से कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया।ये लोग गया और औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 24 मोबाइल,8 रजिस्टर 5 एटीएम कार्ड बरामद किया है।उन्होंने बताया कि ये लोग किसी तरह से यह पता कर लेते थे कि कौन लोग हैं ?जो विदेश में नौकरी के लिए ऑनलाइन आवेदन किए हैं।इसके बाद वहां आसानी से नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे मोबाइल पर संपर्क करते थे और उनसे रुपए की ठगी करते थे।इनका मुख्य सरगना रांची का रहने वाला है,जिसके बारे में पुलिस छानबीन कर रही है।

# स्वास्थ्य विभाग में 17,092 नए पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित: मंगल पांडेय

## बिहार तकनीकी सेवा आयोग के तहत 11,389 ग्रेड ए नर्स की बहाली के लिए निकला विज्ञापन

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**


**पटना(बिहार)।**राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में बंपर बहाली की प्रक्रिया सतत जारी है।उसी क्रम में 17,092 नए पदों पर बहाली हेतु स्वास्थ्य विभाग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया है।ये नई बहालियां बिहार तकनीकी सेवा आयोग एवं राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से की जा रही हैं।जिसमें लिखित प्रतियोगी परीक्षा एवं कायार्नुभव के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।परिचारिका श्रेणी(ग्रेड ए नर्स,जीएनएम)की 11,389 रिक्त पदों पर बंपर बहाली के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है।आपको बता दे कि वहीं राज्य स्वास्थ्य समिति ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर-4500,विशेषज्ञ चिकित्सक-638 एवं मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक,स्वास्थ्य केंद्र-565 की बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं।श्री पांडेय ने कहा कि यह बहालियां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन व संकल्प की देन है।जिससे प्रदेश के युवाओं व महिलाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री के रोजगार सृजन के संकल्प को एक और नया आयाम मिलेगा।स्वास्थ्य विभाग में जो नई बहालियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं।उनके अलावे हाल के दिनों में निकाली गयी,रिक्तियों को मिलाकर कुल 35,383 नई बहालियों की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। बीपीएससी,बीटीएससी व एनएचएम के तहत बहाली प्रक्रियाधीन हैं।बिहार तकनीकी सेवा आयोग के तहत सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी-667, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी-3,623, दंत चिकित्सक-808, फॉर्मासिस्ट- 2,473, लैब टेक्नीशियन-2, 969, एक्स-रे टेक्नीशियन-1, 232,ईसीजी टेक्नीशियन-242, शल्य कक्ष सहायक-1, 683, ड्रेसर-3,326, फाईलेरिया निरीक्षक-69, कीट संग्रहकर्ता-53 पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है। वहीं बिहार लोक सेवा आयोग के तहत सहायक प्राध्यापक-1,711के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं।श्री पांडेय ने बताया कि बिहार में एक के बाद एक नई भर्तियों की घोषणा हो रही है।इसी बीच बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भी बंपर वैकेंसी प्रक्रियाधीन कर दी गई है।राज्यभर में विभिन्न विभागों में हो रही नई बहालियों से रोजगार सृजन को नई दिशा मिली है।बिहार सरकार द्वारा निकाली गई बहालियों से राज्य के युवा उत्साहित हैं।उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व व डबल इंजन की सरकार में रोजगार सृजन व उद्यमिता के क्षेत्र में हमेशा प्रोत्साहित किया गया है एवं उनके करियर को नए आयाम दिए गए।



- राज्य स्वास्थ्य समिति में 5 हजार 703 नए पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन प्रकाशित
- कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर,विशेषज्ञ चिकित्सक एवं मेडिकल ऑफिसर भी होंगे नियुक्त
- स्वास्थ्य विभाग में कुल 35,383 पदों पर शीघ्र बहाली की प्रक्रिया आरंभ

## न्यूज ब्रीफ

### शांभवी ने कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते




नयी दिल्ली (भाषा) महाराष्ट्र की किशोरी शांभवी क्षीरसागर ने शनिवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक विजेताओं, ओलंपिक फाइनलिस्ट और राष्ट्रीय चैंपियन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व कप में पांचवें स्थान पर रही 16 वर्षीय शांभवी ने 633 .5 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने 24 निशाने के फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 10 .8 के शॉट के साथ हरियाणा की रमिता को पछाड़ दिया। रमिता पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने कांस्य पदक जीता।

शांभवी ने इससे पहले जूनियर महिला स्पर्धा में रजत और युवा महिला प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण जीता।

शांभवी के लिए हालांकि महिला स्पर्धा में स्वर्ण जीतना सबसे अधिक मायने रखेगा क्योंकि उनका मुकाबला मेहुली, रमिता और हाल ही में राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू के अलावा जूनियर विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता श्रेया अग्रवाल जैसे प्रतिष्ठित निशानेबाजों से था।

रमिता ने हालांकि जूनियर महिला स्पर्धा में शांभवी को पछाड़ कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उत्तर प्रदेश की मान्या मित्तल तीसरे स्थान पर रहीं।

## खेल

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 से हारी

पर्थ (भाषा) भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शनिवार को अपने पहले मैच में दमदार खेल दिखाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 3-5 की हार का सामना करना पड़ा।

भारत शुरूआती क्वार्टर में ही 0-3 से पिछड़ गया था। टीम ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए को कड़ी टक्कर दी लेकिन दो गोल से पीछे रह गयी।

भारत की ओर से महिमा टेटे (27वें मिनट), नवनीत कौर (45वें मिनट) और लालरेम्सियामी (50वें मिनट) ने गोल किए, जबकि नेसा फ्लिन (तीसरे), ओलिविया डाउन्स (नौवें मिनट), रूबी हैरिस (11वें मिनट), टैटम स्टीवर्ट (21वें मिनट) और केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44वें मिनट) ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए गोल किए।

मैच की शुरूआत बहुत ही तेज गति से हुई, जिसमें फ्लिन के बेहतरीन मैदानी गोल के साथ ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना खाता खोलते हुए मैच पर नियंत्रण बनाना शुरू कर दिया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी गति तथा लय बनाए रखी जिससे भारतीय रक्षापंक्ति दबाव में दिखी।

लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बाद स्टीवर्ट ने एक को गोल में तब्दील कर ऑस्ट्रेलिया ए की बढ़त 4-0 कर दी। बड़े अंतर से पिछड़ने के बावजूद भारत ने वापसी का जज्बा दिखाया और टेटे ने तेजी से एक मैदानी गोल करते हुए टीम के हौसले को बनाये रखा। मध्यांतर के समय भारतीय टीम 1-4 से पीछे थी। मेजबान टीम ने अपनी रणनीति में सुधार किया और उन्हें अपने प्रयासों का फल मिला।

# मुंबई और लखनऊ में दिखेगी आगे निकलने की होड़



मुंबई (भाषा) हमेशा की तरह शुरू में लड़खड़ाने के बाद शानदार वापसी करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम की निगाह जीत के अलावा अपने नेट रन रेट में सुधार करने पर भी होगी क्योंकि आगे इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। जहां ये दोनों टीमें वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर वर्चस्व के लिए भिड़ेंगी, वहीं मुंबई की भीषण गर्मी और उमस भी खिलाड़ियों की विपरीत परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की तैयारी को परखने में अपनी भूमिका निभाएगी। लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि उन्होंने अब तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं। मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी।

मुंबई की टीम सही समय पर अपने चरम पर पहुंची है। उसने लगातार चार मैच जीत कर खुद को प्ले ऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे कर दिया है और उसकी टीम अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी टीम यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

मुंबई के प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक कि हार्दिक पंड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो विस्फोटक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं।

हालांकि सूर्यकुमार को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं थी, लेकिन आईपीएल की शुरूआत में इस शीर्ष टी20 बल्लेबाज की परिचित चमक गायब थी, लेकिन दाएं हाथ का बल्लेबाज भी तिलक वर्मा की तरह अपनी लय हासिल करने में सक्षम है। जहां तक लखनऊ की बल्लेबाजी का सवाल है तो वह अपने विदेशी खिलाड़ियों निकोलस पूरन (377 रन), मिशेल मार्श (344) और एडेन मार्क्रम (326) पर बहुत अधिक निर्भर है। लखनऊ को फिर से इन तीनों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

टीम इस प्रकार हैं: मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

लखनऊ सुपर जाइंट्स: ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्क्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्जके, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

# पोलार्ड ने मुश्किल दौर से गुजर रहे अनुभवी खिलाड़ियों को समर्थन की वकालत की

मुंबई (भाषा) मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को उनके कठिन समय के दौरान कुछ छूट और समर्थन देने की वकालत करने के साथ मैदान के बाहर और अंदर मुश्किल समय का शानदार तरीके से सामना करने के लिए दिग्गज रोहित शर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या की तारीफ की।

रोहित ने आईपीएल के इस सत्र के शुरूआती मैच में खराब प्रदर्शन करने के बाद लगातार दो अर्धशतक जड़ कर शानदार वापसी की है जबकि हार्दिक को पिछले साल टीम के खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने कहा, हमें (मुंबई इंडियंस) हमेशा यह विश्वास था कि वह (रोहित) अच्छा प्रदर्शन करेगा। मैं बस आप लोगों से यही कहना चाहूंगा कि कभी कभी इन खिलाड़ियों को छूट मिलना चाहिये।



पोलार्ड ने रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच से एक दिन पहले मीडिया से कहा, खिलाडी की फॉर्म में गिरावट आती है, आत्मविश्वास कम होता है और जो खिलाड़ी शीर्ष स्तर पर इस खेल को इतने लंबे समय से खेल रहा है, उसके लिए ऐसे पल आते है और कभी-कभी आपको लोगों से अतिरिक्त समर्थन की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा, हम अब उनकी तारीफ कर रहे हैं और हम सभी बहुत खुश हैं। मुंबई के ड्रेसिंग रूम में हम शुरूआत में भी खुश थे और हमें पता था कि ऐसा होने वाला है। पोलार्ड ने कहा कि वह हार्दिक के सामने पिछले साल सामने आई चुनौतियों से मजबूती से बाहर निकलते हुए देखकर खुश हैं। हार्दिक को उस समय मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने के बाद प्रशंसकों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जब वह व्यक्तिगत समस्याओं का भी सामना कर रहे थे।

पोलार्ड ने कहा, वह अपने खेल का आनंद ले रहे हैं, जैसा कि हम सभी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से देखा है, विश्व कप जीतने से लेकर चैंपियंस ट्रॉफी तक हर चीज में उसका योगदान रहा है। यह एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है जो बहुत कुछ झेल चुका है। वेस्टइंडीज के इस पूर्व दिग्गज ने कहा, हम सभी इंसान है और इस दुनिया में सभी को कभी-कभी कुछ छूट मिलनी चाहिये। पोलार्ड ने कहा कि उतार-चढ़ाव एक व्यक्ति के तौर पर यात्रा का हिस्सा हैं और वह हार्दिक की प्रगति देखकर खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं उनकी यात्रा को देखना जारी रखता हूं क्योंकि मैंने 2015 से मुंबई इंडियंस में उनकी यात्रा को देखा है। उन्होंने कहा, उसने काफी उतार चढ़ाव देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। यही तो जीवन है, सबसे इससे गुजरना होता है।

# आईपीएल में अब 300 रन भी संभव: रिंकू सिंह

कोलकाता (भाषा) कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अब ऐसे मुकाम पर पहुंच गई है जहां कोई टीम एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर जाए तो कोई हैरानी नहीं होगी।

आईपीएल 2025 अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है तो इस बात की चर्चा जोरों पर है कि लीग के इस चरण में टीमें एक पारी में 300 रन का आंकड़ा पार कर सकती हैं क्योंकि फ्रेंचाइजी ह्यपावरहिटिंगह्व पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। जियो हॉटस्टार के साथ बातचीत के दौरान रिंकू ने 300 रन का आंकड़ा पार करने की संभावना का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, हां, हम ऐसा कर सकते हैं। आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है। पिछले साल पंजाब ने 262 रन का पीछा किया था। इस सत्र में सभी टीमें मजबूत हैं, कोई भी 300 तक पहुंच सकता है। पिछले साल उपविजेता बनने के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार किया था, वह इस सत्र में अपने शुरूआती मैच में 300 तक पहुंचने के करीब पहुंच गया। हालांकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसने सात विकेट पर 286 रन बनाए जो पिछले साल आरसीबी के खिलाफ उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ तीन विकेट पर 287 रन से एक रन कम था जो आईपीएल का रिकॉर्ड कुल स्कोर भी है।



रिंकू ने सूत्रधार के तौर पर अपनी भूमिका पर बात करते हुए फिटनेस और संयम बरतने पर जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। मैंने उत्तर प्रदेश और आईपीएल में ऐसा किया है इसलिए मुझे इसकी आदत है। मैं फिटनेस पर बहुत ध्यान देता हूं क्योंकि आईपीएल में 14 मैच होने के कारण, अपने शरीर को फिट बनाए रखना और अच्छी तरह से ठीक होना मेरी जिम्मेदारी है।

रिंकू ने कहा, मैं माही भाई से भी अक्सर बात करता हूं, वह मुझे शांत रहने और मैच की स्थिति के अनुसार खेलने के लिए कहते हैं।

नई दिल्ली, रविवार 27 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



"हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसा, महज मजहबी शिक्षा के केंद्र बनकर न रह जाएं। वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए।"

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, व्यापारी भाइयों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ "कैंडल मार्च" में सम्मिलित होकर आक्रोश व्यक्त किया और असमय दिवंगत हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




## विशिष्ट शख्शियत

# जीवंत गांधीवादी परंपरा के असाधारण प्रतीक



अमरनाथ भाई

देश में जब नैतिक मूल्यों का संकट बढ़ रहा है, तब भी कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो गांधी जी के बताए आदर्शों पर अडिग रहते हुए समाज को नई दिशा दे रहे हैं। ऐसे ही विरल व्यक्तित्व हैं वरिष्ठ सर्वोदय विचारक अमरनाथ भाई, जो देश के वरिष्ठतम गांधीवादी विचारकों में शामिल हैं। उनका संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और सेवा के सिद्धांतों का सजीव उदाहरण है। महात्मा गांधी के सिद्धांतों को आत्मसात कर, अमरनाथ भाई ने स्वयं को जनसेवा और सामाजिक उत्थान के कार्यों में समर्पित कर दिया। वे सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री और अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं ' अपने व्यक्तिगत जीवन में भी अमरनाथ भाई ने सादगी और पारदर्शिता को सर्वोच्च स्थान दिया। वे अत्यंत साधारण जीवन जीते हैं, और सेवा को ही सबसे बड़ी पूजा और पूंजी मानते हैं। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया कि समाज में परिवर्तन केवल भाषणों से नहीं, बल्कि व्यक्तिगत आचरण से संभव है।भारत की स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को जीवंत बनाए रखने वाले गिने-चुने व्यक्तित्वों में से एक हैं अमरनाथ भाई। वे सर्वोदयी आंदोलन के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता हैं और दो बार सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन सेवा, सादगी और सत्य के सिद्धांतों पर आधारित है।

### प्रारंभिक जीवन में वाम झुकाव

छात्र जीवन में अमरनाथ भाई का झुकाव वामपंथ की तरफ था। इसका कारण नवीं कक्षा में पढ़ते हुए अमरनाथ भाई का कामरेड रुस्तम सैटिन के सम्पर्क में आना था। उनके तरुण मन पर कामरेड का ऐसा प्रभाव पड़ा कि वे वामपंथ के आकर्षण में आ गए। लेकिन यह प्रभाव बहुत ज्यादा देर नहीं टिक सका। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ाई करते हुए उनका रुझान सर्वोदय विचार की तरफ हुआ और कालान्तर में सर्वोदय विचार ने उन्हें ऐसा बांधा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन ग्राम स्वराज के लिए समर्पित करने का संकल्प लें लिया।

### सर्वोदय से जुड़े तो सर्वोदय के हो गए

सर्वोदय से जुड़ने के बाद समय के साथ अमरनाथ भाई ग्राम स्वराज और सर्वोदय विचार के प्रचार प्रसार में इतना गहरे उतर गए कि सर्वोदय विचार की शीर्ष संस्था सर्व सेवा संघ, बनारस के वे दो बार अध्यक्ष रहे। महात्मा गांधी की हत्या के बाद उनके विचारों और रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने वाली प्रमुख विभूतियों में विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण की भूमिका सर्वोपरि है। अमरनाथ भाई का सौभाग्य रहा कि उन्हें विनोबा भावे का सानिध्य भी मिला और जयप्रकाश नारायण का भी।अमरनाथ भाई ने जवानी के दिनों में ही गांधी जी के सिद्धांतों को आत्मसात कर लिया था। सत्याग्रह, सेवा, ग्राम स्वराज, सामाजिक समरसता और अहिंसा– उनके जीवन के मूल मंत्र रहे हैं। उन्होंने कभी सत्ता की ओर नहीं देखा, बल्कि जनसेवा और समाज परिवर्तन को ही अपना ध्येय बनाया।



### सर्व सेवा संघ से अप्रतिम जुड़ाव

सर्व सेवा संघ, गांधी विचारधारा को जमीनी स्तर पर लागू करने का राष्ट्रीय मंच है। उसके साथ अमरनाथ भाई का कई दशक का गहरा नाता रहा है। महामंत्री और अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संघ को न केवल संगठित किया, बल्कि उसे समसामयिक चुनौतियों के बीच भी प्रासंगिक बनाए रखा। सर्व सेवा संघ परिसर में कुछ समय पहले सरकार द्वारा बुलडोजर चलाने से वे अत्यंत व्यथित हुए हैं।



गांधी आश्रम शोभानपुर में अमरनाथ भाई सुजाता चौधरी और डॉ आर के पालीवाल के साथ

### विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण से निकट संबंध

अमरनाथ भाई का जीवन विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण जैसी हस्तियों के साथ सीधे संवाद और काम से प्रभावित रहा है। विनोबा जी के भूदान आंदोलन में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। वे जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन से वैचारिक रूप से जुड़े रहे, लेकिन हमेशा शांतिपूर्ण और रचनात्मक कार्यक्रमों के पक्षधर रहे।जहां आज की दुनिया उपभोक्तावाद और स्वार्थपरकता की ओर बढ़ रही है, वहीं अमरनाथ भाई जैसे व्यक्तित्व सादगी के प्रेरणा स्रोत हैं—जो हमें याद दिलाते हैं कि सादगी, सेवा और नैतिकता केवल बीते युग की बातें नहीं, बल्कि आज के लिए भी अनिवार्य नैतिक मूल्य हैं।

### शिक्षा और ग्राम स्वराज के लिए प्रतिबद्धता

अमरनाथ भाई केवल विचारों तक ग्राम स्वराज के लिए सीमित नहीं रहे, बल्कि गाँवों में वैकल्पिक शिक्षा, कुटीर उद्योगों का विकास, और स्थानीय नेतृत्व तैयार करने पर लगातार काम करते रहे। उन्होंने कई ऐसे प्रयोग किए जहाँ गाँवों में बिना सरकारी सहायता के शिक्षा और रोजगार के छोटे मॉडल खड़े किए गए। उनका मानना है कि जन शक्ति को संगठित कर ही स्थाई विकास संभव है।




### यात्राओं और युवाओं को प्राथमिकता

सुदूर ग्रामीण इलाकों का भ्रमण अमरनाथ भाई का प्रिय शगल है। नए इलाकों की यात्राओं में विशेष रूप से युवाओं से मिलना उन्हें जीवन के संन्यास आश्रम में भी उत्साह से भर देता है। भोपाल से चालीस किलोमीटर दूर चार मंडली गांव के गांधी ग्राम सेवा केंद्र का जैविक परिसर उनकी ऐसी पसंद है कि इस परिसर के संचालक डॉ आर के पालीवाल उन्हें अपने परिसर का ऐसा ब्रांड एम्बेसडर बताते हैं जो बगैर किसी फीस आदि के सहकारी जैविक परिसर और गांधी ग्राम सेवा केंद्र का देश भर में प्रचार प्रसार करते हैं। इस केंद्र में युवाओं को गांधी के सिद्धांतों पर आधारित ग्राम विकास और ग्राम स्वराज के रचनात्मक कार्यों का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्हें जैविक खेती और उससे जुड़े ग्रामोद्योगों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इसलिए इस परिसर में अमरनाथ भाई गांधी के ग्राम विकास के सपने को पूरा होते देखने का सफल प्रयास मानते हैं।

### अहिंसा को केवल राजनीतिक नहीं, जीवन का सिद्धांत माना

अमरनाथ अहिंसा को केवल आंदोलन या राजनीति का अस्त्र मानते, बल्कि जीवन का स्थायी मूल्य मानते हैं। वे अपने व्यक्तिगत व्यवहार, विचार-विमर्श, सामाजिक कार्य और पारिवारिक जीवन में क्रोध, द्वेष या आरोप-प्रत्यारोप से हमेशा दूर रहे। आज के भौतिकता प्रधान समय में अमरनाथ भाई, देश के उंगलियों पर गिने जा सकने वाले उन चंद अति वरिष्ठ सर्वोदय विचारकों की अग्रिम कतार में आते हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन सर्वोदय विचार को समर्पित किया है।2023 में उम्र के नौ दशक पार करने के बावजूद वे बानवें वर्ष में भी पूरी सक्रियता से गांधी, विनोबा और जयप्रकाश नारायण के सर्वोदय विचारों को विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में फैलाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

राजस्थान सरकार ने उनके आजीवन योगदान को सम्मानित करते हुए, 2 अक्टूबर 2022 को, गांधी जयंती के अवसर पर, अपने सर्वोच्च सद्भावना सम्मान से अलंकृत किया है।

# जीवन में पैसा ही सब कुछ नहीं है, 27 लाख की नौकरी छोड़कर इंडियन पुलिस सर्विस अधिकारी बनी प्राची, मां बनी प्रेरणा स्रोत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

दिल्ली के सुभाष नगर की मध्यम वर्गीय परिवार की प्राची गुप्ता ने यूपीएससी परीक्षा में 172 रैंक लाकर मिसाल कायम की है 1 27 लाख की नौकरी छोड़कर आईपीएस बनने का उनका फैसला समाज सेवा के प्रति समर्पण और त्याग को दर्शाता है , आईआईटी दिल्ली से अपनी पढ़ाई करने वाली प्राची ने पहले दो प्रयासों में असफलता के बावजूद हार नहीं मानी और कहावत असफलता के बाद सफलता का मार्ग खुलता है को चरितार्थ करके दिखाया1 परिवार के सहयोग और समाज में बदलाव लाने की इच्छा ने उनको इस मुकाम तक पहुंचा दिया 1 प्राची गुप्ता संघ लोक सेवा की सिविल सेवा परीक्षा में 172 रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है 1 27 लाख रुपए का सालाना पैसे से परिपूर्ण नौकरी छोड़कर समाज सेवा का रास्ता चुनकर प्राची अब इंडियन पुलिस सर्विस अधिकारी के रूप में देशवासियों की सेवा करेगी, उनकी यह उपलब्धि मेहनत, लगन और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना का जीवंत उदाहरण है 1केंपस प्लेसमेंट में हासिल की मैनेजमेंट कंसल्टेंट की नौकरी आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की



पढ़ाई पूरी करने वाली प्राची ने कैंपस प्लेसमेंट के जरिए मुंबई में मैनेजमेंट कंसल्टेंट की नौकरी हासिल की जहां पर 27 लाख रुपए का सालाना पैकेज दिया गया, लेकिन उनके दिल में कुछ और ही सपना पल रहा थाप्राची की समाज सेवा की सोच प्राची ने बताया जीवन में पैसा ही सब कुछ नहीं है, पैसा तो मैं ले रही थी, लेकिन मुझे लगता था कि यह मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं है , मैं समाज में कुछ सकारात्मक बदलाव लाना चाहती थी1 रात को सोते समय मुझे यह सुकून चाहिए था कि, मैंने कुछ अच्छा किया है , सिविल सेवा का रास्ता आसान नहीं था1 पहले दो प्रयासों में प्रीलिम्स भी क्लियर नहीं होने के बाद भी प्राची ने हिम्मत नहीं हारी 1पिछले साल की सफलता बनी प्रेरणा पिछले वर्ष भारतीय वन सेवा में 16वा स्थान हासिल कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रेरणा स्वरूप इस बार 172 रैंक प्राप्त कर के आईपीएस में चयनित होकर प्राची ने एक बार फिर साबित किया की दृढ़ संकल्प के द्वारा कोई भी मंजिल को पाया जा सकता है 1 मां की प्रेरणा,परिवार का सहयोग से परिपूर्ण प्राची की खुशी में चार चांद लगाए हुए नजर आ रहे हैं1 प्राची की मां डॉक्टर साधना अग्रवाल दिल्ली के सर्वोदय विद्यालय पूर्वी पंजाबी बाग में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं1 प्राची की सबसे बड़ी प्रेरणा स्रोत उनकी माताश्री रही 1मां बनी प्रेरणा स्रोत मां के समाज सेवा के कार्यो ने प्राची को बचपन से ही लोगों की मदद करने का सपना देखने को प्रेरित किया1 पिता पवन कुमार गुप्ता और बड़ी बहन सृष्टि गुप्ता भी खुशी से लबालब भरे दिखाई दे रहे थे1 प्राची के पिता गैर सरकारी प्रतिष्ठान में कार्यरत हैं, बहन सृष्टि पूर्व की दिल्ली आईआईटी की छात्रा रही है1 प्राची का हर कदम पर उनकी बड़ी बहन ने हौसला बढ़ाया , प्राची ने भावुक होकर बताया मेरे माता-पिता और बहन का सहयोग न मिला होता तो यह सफलता इतनी आसान नहीं होती1 मैं सिर्फ अमीरों के लिए कार्य नहीं करना चाहती थी, मेरा सपना था देश की समस्याओं के लिए कुछ करूं 1पैसा जीवन नहीं , समाज सेवा है असली मकसद प्राची का मानना है कि बैंक में जमा पैसे से सच्ची खुशी नहीं मिलती1 वह चाहती है कि उनकी मेहनत और नौकरी समाज के लिए मायने रखें , वह कहती है कि मुझे ऐसी जिंदगी चाहिए थी, जहां मैं हर पल यह महसूस कर सकूं कि मैंने किसी के लिए कुछ अच्छा किया 1 उनकी इस सकारात्मक सोच ने लाखों की नौकरी छोड़कर उनको सिविल सेवा की कठिन राह पर चलने की हिम्मत प्रदान की 1सपनों को साकार करने की मिसाल बनी प्राची प्राची गुप्ता की यह सफलता हर उसे युवा के लिए प्रेरणा है,जो अपने सपनों को सच करने की हिम्मत रखता है,उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार का सिर गर्व से ऊंचा किया बल्कि यह भी दिखाया की सच्ची सफलता वही है जो समाज के लिए समर्पित है1 प्राची अब आईपीएस अधिकारी के रूप में देश की सेवा की नई पारी शुरू करने को तैयार है और जल्द ही ट्रेनिंग के लिए लबसाना जाएगी1

# लोकतांत्रिक राजनीति वैश्विक स्तर पर मौलिक रूप से बदल गई है : राहुल गांधी

हैदराबाद, (भाषा) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है और एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब मान्य नहीं हैं।

यहां आयोजित 'भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है।'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''राजनीति, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है। मैं कहूंगा कि एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं।''कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''इसलिए एक तरह से पुराने नेता खत्म हो चुके हैं और एक नए तरह के नेता को गढ़ा जाना चाहिए।''

# उत्तर प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने का सिलसिला शुरू

लखनऊ, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौट जाएंगी। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है और वे आज यहां से निकल जाएंगी।'' उन्होंने बताया, ''ये सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं। एक महिला इलाज के संबंध में आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं।'' गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों) पूरे प्रयागराज जनपद का आंकड़ा है और कुल चार पाकिस्तानी जिले में आए थे।



वाराणसी में, एक अधिकारी ने बताया कि कुल 10 पाकिस्तानी नागरिको के रहने की सूचना मिली है जिनमें से एक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि वहां से अन्य साधन से उसे वापस भेजा जाएगा।

वाराणसी के अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) सरवणन टी ने बताया, ''वाराणसी में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के होने की सूचना है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश के अनुपालन में अल्पकालिक अवधि पर वाराणसी आए एक पाकिस्तानी बुजुर्ग नागरिक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली भेजा गया है। दिल्ली से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा।''

सरवणन टी ने बताया कि वाराणसी में कोई भी अवैध नागरिक न रहने पाए इसके लिए शहर में पुलिस जांच कर रही है, किरायेदारों का सत्यापन करा कर उन्हें पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज कराया जा रहा।

मुजफ्फरनगर जिले में, एक अधिकारी ने बताया कि 30 पाकिस्तानी नागरिक मिले हैं, जो अल्पावधि और दीर्घावधि वीजा पर हैं।




# पोप फ्रांसिस को दी गई अंतिम विदाई लोगों के पोप के तौर पर उन्हें याद किया

**वेटिकन सिटी,** (एपी) पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में विश्व नेताओं और कैथोलिक अनुयायियों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर शनिवार को उन्हें अंतिम विदाई दी।




इस कार्यक्रम में पोप के रूप में फ्रांसिस की प्राथमिकताएं और पादरी के रूप में उनकी इच्छाएं प्रतिबिंबित हुईं। करीब 2,50,000 लोग प्रार्थना सभा में शामिल हुए और फ्रांसिस का ताबूत शहर के दूसरी ओर स्थित सेंट मैरी मेजर बेसिलिका लाये जाने के दौरान रास्ते में हजारों लोग कतार में खड़े नजर आए। इसके बाद ताबूत को स्विस गार्ड की सुरक्षा में चर्च के अंदर ले जाया गया। इससे पहले, कॉलेज ऑफ कार्डिनल के डीन, कार्डिनल जियोवानी बतिस्ता रे (91) ने पोप फ्रांसिस को आम लोगों का पोप बताते हुए कहा कि वह ऐसे पादरी थे जो अनौपचारिक एवं सहज शैली में ''हमारे बीच सबसे कमजोर'' लोगों से संवाद करना जानते थे। रे ने फ्रांसिस को ''लोगों के बीच रहने वाला पोप एवं सभी के लिए खुले दिल वाला'' बताया। उन्होंने कहा कि फ्रांसिस की जो आखिरी छवि कई लोगों के मन में है, वह ईस्टर रविवार को आशीर्वाद देने और उसी 'स्क्वायर' में पोपमोबाइल (पोप का वाहन) से सलामी देने की है।

# सहारनपुर में पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाके में तीन मजदूरों की मौत, भवन ध्वस्त

सहारनपुर (उप्र), (भाषा) सहारनपुर जिले के देवबंद थाना इलाके में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाके के बाद आग लग जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गयी तथा भवन ढह गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज करीब दो किलोमीटर तक सुनी गयी और कंपन से ग्रामीणों को भूकंप के झटके सा एहसास हुआ। सहारनपुर के जिलाधिकारी (डीएम) मनीष बंसल ने संवाददाताओं को बताया कि आज सुबह साढ़े चार बजे देवबंद थाना क्षेत्र के जडौदा जटट गांव में लाइसेंसी पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लग गयी।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता। संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।